Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 202 | गुरूवार, 24 जुलाई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## भारतवंशियों में दिखा गजब का उत्साह

# लंदन पहुंचे पीएम मोदी

**लंदन।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी दो दिवसीय यूनाइटेड किंगडम की आधिकारिक यात्रा पर लंदन पहुंच चुके हैं। यहां पीएम मोदी का भव्य स्वागत हुआ। प्रधानमंत्री मोदी, ब्रिटिश प्रधानमंत्री स्टारमर के साथ भारत-ब्रिटेन द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं पर व्यापक चर्चा करेंगे। वे क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। साथ ही दोनों पक्ष व्यापार और अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी और नवाचार, रक्षा और सुरक्षा, जलवायु, स्वास्थ्य, शिक्षा और लोगों के बीच संबंधों पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए व्यापक रणनीतिक साझेदारी (उरढ) की प्रगति की भी समीक्षा करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा पर, प्रवासी भारतीय समुदाय की सदस्य अनघा ने कहा कि मैं ब्रिटेन में जन्मी और पली-बढ़ी हूँ। मेरे माता-पिता महाराष्ट्र से हैं। मैं अपने दादा-दादी और गाँवों और शहरों में रहने वाले अपने परिवार से प्रधानमंत्री मोदी के बारे में सकारात्मक बातें सुनती रही हूँ। मैं उनसे मिलने के लिए बहुत उत्साहित हूँ... भारत विश्व स्तर पर अग्रणी है। प्रधानमंत्री मोदी से व्यक्तिगत रूप से मिलने से बेहतर कोई समय नहीं हो सकता।

**ब्रिटिश पीएम से करेंगे मुलाकात**



## इस्तीफे के बाद ही सामान पैक करने लगे जगदीप धनखड़



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देकर सभी को चौंकाने वाले जगदीप धनखड़ ने अपने सामान को पैक करना शुरू कर दिया है और वे जल्द ही उपराष्ट्रपति एन्क्लेव से बाहर जाने की तैयारी कर रहे हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। एक पूर्व उपराष्ट्रपति के नाते धनखड़ को एक सरकारी बंगला अलॉट होगा। धनखड़ पिछले साल अप्रैल में ही संसद भवन परिसर के पास चर्च रोड पर बने नए उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में स्थानांतरित किए गए थे। उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में ही उपराष्ट्रपति का निवास और कार्यालय है। इसे केंद्रीय विस्टा पुनर्विकास योजना के तहत बनाया गया था। उन्होंने लगभग 15 महीनों तक उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में निवास किया। अब उन्हें लुटियंस दिल्ली या किसी अन्य क्षेत्र में एक टाइप-8 बंगला प्रदान किया जाएगा। बता दें कि धनखड़ ने सोमवार को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दिया।

## इस्तीफे के बाद ही सामान पैक करने लगे जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली।** वर्ष 2020 में पूर्वी लद्दाख स्थित वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीनी सैनिकों की घुसपैठ के बाद भारत और चीन के संबंधों में जो तनाव आया था, अब उसे दूर करने की तरफ दोनों देश धीरे-धीरे आगे बढ़ने लगे हैं। भारत ने तकरीबन पांच वर्षों बाद चीनी नागरिकों को वीजा देने का काम फिर से शुरू कर दिया है। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने चीन के इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म वाइबो पर इस संबंध में जानकारी साझा की है। इसमें बताया गया है कि चीनी नागरिकों को पर्यटन के उद्देश्य से भारत आने के लिए गुरुवार से वीजा देने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। चीन ने भारत के इस निर्णय को सकारात्मक कदम बताया है। यह माना जा रहा है कि भारत सरकार के इस फैसले के बाद दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान सेवा की बहाली का कार्य भी शीघ्र प्रारंभ होगा। भारतीय दूतावास ने अपने संदेश में स्पष्ट किया है- ' 24 जुलाई, 2025 से चीन के नागरिक भारत के लिए पर्यटन वीजा हासिल करने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## नेतन्याहू की हत्या की साजिश रचने वाली 70 वर्षीय महिला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की हत्या की साजिश करने के शक में इस्त्राइल की सुरक्षा एजेंसी शिन बेट ने बुधवार को एक 70 साल की बुजुर्ग महिला को गिरफ्तार किया है। इस्त्राइली न्यूज कान पब्लिक ब्रॉडकास्टर की रिपोर्ट के मुताबिक महिला पर आरोप है कि वह आईडी ब्लास्ट के जरिए नेतन्याहू पर हमला करने की साजिश रच रही थी। गुरुवार को महिला के खिलाफ अपराध की साजिश रचने और आतंकी कार्रवाई करने की साजिश के आरोप में चार्जशीट दाखिल की जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, महिला को दो हफ्ते पहले भी गिरफ्तार किया गया था, लेकिन उसे कुछ शर्तों के साथ रिहा कर दिया गया था। इन शर्तों में उसे सभी सरकारी संस्थानों में प्रवेस करने और प्रधानमंत्री के करीब जाने से प्रतिबंधित किया गया था। पुलिस के मुताबिक, यह महिला जानी-मानी सरकार विरोधी प्रदर्शनकारी है। उसने अन्य प्रदर्शनकारियों से हथियार हासिल करने और प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेने की कोशिश की थी। अदालत ने महिला की पहचान को गोपनीय रखने कहा था, लेकिन जांचकताओं की अपील पर बुधवार को गोपनीयता का आदेश हटा लिया गया। हालांकि जांच पूरी होने के बाद भी पुलिस ने महिला की पहचान को उजागर नहीं किया है।

## चिराग पासवान ने प्रशांत किशोर को बताया ईमानदार

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय मंत्री और लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर की तारीफ की है। उन्होंने प्रशांत किशोर की ईमानदारी और जातिविहीन सोच को सराहना की है।

वहीं, उन्होंने एसआईआर को लेकर विपक्ष पर झूठा प्रचार करने का आरोप लगाया और संसद में खुले संवाद की वकालत की। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने बिहार की राजनीति में सक्रिय जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर की सराहना की है।



उन्होंने कहा कि 'प्रशांत किशोर एक ईमानदार और साफ-सुथरी सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उनका नजरिया जाति की राजनीति से ऊपर है, जो बिहार जैसे राज्य में बदलाव की दिशा में अहम है।' इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों पर बिहार में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर झूठा नैरेटिव फैलाने और लोगों में डर पैदा करने का आरोप लगाया। साथ ही, उन्होंने चुनावी रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर की निष्पक्ष भूमिका और जातिनिरपेक्ष दृष्टिकोण की खुले शब्दों में सराहना की। चिराग पासवान ने कहा कि कांग्रेस समेत विपक्षी दल चुनाव आयोग की इस प्रक्रिया पर राजनीति कर रहे हैं, जबकि खुद उन्हीं ने पहले वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की शिकायतें की थीं।

### कहा- एसआईआर पर झूठा माहौल बना रही कांग्रेस

## दिल्ली में खतरे के निशान के पास पहुंचा यमुना का जलस्तर, बाढ़ की आशंका के बीच सरकार सतर्क

**नई दिल्ली।**

इससे बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। शाम 4 बजे यमुना का जलस्तर 204.13 मीटर पर था जो खतरे के निशान 205.33 मीटर से थोड़ा नीचे है। दिल्ली में यमुना का जलस्तर बुधवार को खतरे के निशान के करीब पहुंच गया। इससे बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। शाम 4 बजे यमुना का जलस्तर 204.13 मीटर पर था जो खतरे के निशान 205.33 मीटर से थोड़ा नीचे है।

हालांकि, शाम 7 बजे से जलस्तर कम होने लगा लेकिन पहाड़ी इलाकों में लगातार बारिश के कारण सतर्कता बरती जा रही है। सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के मुताबिक, हथिनीकुंड बैराज से मंगलवार को 25 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया था जो बुधवार को दिल्ली पहुंचा। इसके बाद बुधवार शाम को 50 हजार क्यूसेक पानी और छोड़ा गया है जो कल तक पहुंचेगा। इससे यमुना का जलस्तर बढ़ सकता है। अगर जलस्तर खतरे के निशान को पार करता है तो हाथी घाट, एमनेस्टी मार्केट, मजनूं का टीला, यमुना विहार, सोनिया विहार और यमुना खादर जैसे निचले इलाकों में पानी भरने का खतरा है। यदि एक लाख क्यूसेक या इससे अधिक पानी छोड़ा जाता है तो चेतावनी जारी की जाएगी। तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने पर निचले इलाकों में बोट तैनात होंगी और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जाएगा।



## '2041 तक हिंदुओं की आबादी के बराबर हो जाएंगे मुस्लिम'

**डिब्रूगढ़।**



असम में जनसांख्यिकीय बदलाव की विभीषिका को इंगित करते हुए मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने दावा किया कि यदि वर्तमान वृद्धि दर बनाए रखी गई, तो अब से ठीक 16 साल बाद वर्ष 2041 तक असम में मुस्लिम जनसंख्या हिंदुओं के लगभग बराबर हो जाएगी। यहां एक कैबिनेट बैठक के बाद बुधवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में सीएम सरमा ने कहा कि 2011 की जनगणना के अनुसार लगभग 34 प्रतिशत मुस्लिम जनसंख्या में से 31 प्रतिशत वे लोग हैं जो पहले असम में प्रवासित हुए थे। जब उनसे पूछा गया कि क्या असम के स्वदेशी लोग कुछ वर्षों बाद अल्पसंख्यक बन जाएंगे, तो उन्होंने कहा, 'यह मेरी राय नहीं है, यह केवल जनगणना का परिणाम है। आज 2011 की जनगणना के अनुसार, 34 प्रतिशत जनसंख्या मुस्लिम है।' जबकि राज्य की कुल मुस्लिम जनसंख्या में से तीन प्रतिशत स्वदेशी असमिया मुस्लिम हैं। उन्होंने दावा किया, '..फिर 31 प्रतिशत वे मुस्लिम हैं जो असम में प्रवासित हुए। और यदि आप इसे 2021, 2031 और 2041 के लिए प्रक्षिप्त करते हैं, तो आप लगभग 50:50 स्थिति पर पहुंचेंगे। मैं केवल वही बता रहा हूं जो सांख्यिकीय जनगणना रिपोर्ट कहती है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुभवजन्य डाटा और पिछले जनगणना रिकॉर्ड दिखाते हैं कि कुछ वर्षों में असम की मुस्लिम जनसंख्या 50 प्रतिशत के करीब होगी। 2011 की जनगणना के अनुसार, असम में कुल मुस्लिम जनसंख्या 1.07 करोड़ थी, जो राज्य की कुल 3.12 करोड़ निवासियों का 34.22 प्रतिशत बनाती है।

## भुखमरी की चपेट में गाजा, 24 घंटे में 15 मरे

# इजरायल बोला- इसके लिए हम नहीं हमास जिम्मेदार

**यरुशलम।**



गाजा सिटी के अस्पताल में बुधवार को छह सप्ताह के यूसेफ की जान चली गई। डॉक्टर तमाम प्रयास कर उसे थोड़ा सा लिक्विड दे पाए लेकिन उनके प्रयास नाकाफी साबित हुए। डॉक्टरों ने उसकी मौत का कारण भूख को बताया है। यूसेफ गाजा में 24 घंटों में भूख से मरने वाले 15 अभागे लोगों में शामिल था। बीते दो महीनों में फलस्तीनी क्षेत्र में तमाम बच्चे और बुजुर्ग भूख और कुपोषण से दम तोड़ चुके हैं। दवाओं के अभाव में मरे लोगों की संख्या जोड़ दी जाए तो मौत का आंकड़ा और बड़ा हो जाता है। विडंबना की स्थिति यह है कि भूखे लोग जब खाना-पानी लेने के लिए स्वयंसेवी संगठनों के वितरण केंद्रों पर जाते हैं तो इजरायली सैनिक उन पर गोलियां बरसा देते हैं। ऐसी घटनाओं में बीते सात सप्ताह में एक हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। आगे कहा कि गाजा के हालात नारकीय हैं, वहां पर खाद्य सामग्री, पेयजल और अन्य सामग्री की आपूर्ति पर लगी रोक न हटाई गई तो स्थिति और ज्यादा बिगड़ जाएगी। इन संगठनों ने विश्व समुदाय से इजरायल पर दबाव डालकर मानवीय सहायता की अविलंब आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए कहा है। संयुक्त राष्ट्र पहले ही गाजा की स्थितियों पर चिंता जता चुका है और इजरायली सेना की भूमिका की निंदा कर चुका है।

### गाजा में एक लीटर दूध 100 डॉलर का

यूसेफ के चाचा ने बताया कि गाजा में दूध दुर्लभ है, अगर कहीं मिल भी जाए तो कुछ लिटर की कीमत 100 डॉलर तक हो सकती है। गाजा, पश्चिम एशिया और विश्व के विभिन्न हिस्सों में कार्य करने वाले 111 राहत और मानवाधिकार संगठनों ने गाजा में निकट भविष्य में दसियों हजार लोगों की भुखमरी का अंदेशा जताया है।

# पाकिस्तान बॉर्डर पर पहुंचे सुखोई और राफेल

**जयपुर।**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ जारी तनाव के बीच भारतीय वायुसेना ने बुधवार से बड़ा युद्धाभ्यास शुरू किया, जिसमें लड़ाकू विमान अपना दम दिखा रहे हैं। पाकिस्तान सीमा से सटे राजस्थान के बाड़मेर और जोधपुर के रेगिस्तान में 25 जुलाई तक चलने वाले इस युद्धाभ्यास का नाम 'आक्रमण' रखा गया है। इसका मकसद पश्चिमी सीमा पर वायुसेना की क्षमता को परखना और मजबूत करना है। वायुसेना के अभ्यास को देखते हुए इस क्षेत्र के लिए नोटम जारी किया गया है। इसके तहत इस वायु क्षेत्र में किसी यात्री विमान को उड़ान भरने की अनुमति नहीं होगी। अभ्यास में फ्रंटलाइन फाइटर जेट्स राफेल, सुखाई-30 जैसे लडाकू विमानों के साथ अन्य विमानों को भी शामिल किया गया है। इनके साथ ही एयर डिफेंस सिस्टम और रात में संचालन की विशेष तकनीकों पर भी जोर दिया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, यह अभ्यास वायुसेना के नियमित संचालन तैयारी कार्यक्रम का हिस्सा है, लेकिन हाल के ड्रोन खतरों को देखते हुए इसका सामरिक महत्व बढ़ गया है। युद्धाभ्यास के तहत वायुसेना के पायलट लंबी दूरी की उड़ानें भर रहे हैं।



## संपादक की कलम से

# राहत में सियासत नहीं



ललित शर्मा
संपादक

राहत में सियासत की स्थिति पैदा नहीं होनी चाहिए, लेकिन हिमाचली वजूद के प्रश्न अब तारों की छांव में नहीं, सिर्फ राजनीति के गलियारों में ही साबित होने लगे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को लगता है कि सराज, करसोग व नाचन के जख्मों की अनदेखी हो रही है। जाहिर है जख्मों के जरिए न तो नमक हलाली खोजी जानी चाहिए और न ही इन्हें राजनीति के तराजू में तोला जाना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री के आरोपों की बुनियाद में भले ही उनकी विधानसभा के आंसू समाहित हैं, लेकिन यह वक्त साझी विरासत की किश्तियों का है। बाढ़ कोई खिलौना नहीं और न ही आपदा किसी वैमनस्य की गवाही हो सकती है। यह विडंबना है कि आपदा के बावजूद जयराम बनाम जगत सिंह नेगी होने लगा। वजूद में आपदा लिए हम हिमाचल के प्रति लापरवाह तो कहे जाएंगे। आपदा आई कैसे और जाएगी कैसे, इस प्रश्न की पूर्णता में पूरा हिमाचल जोखिम से भरा है। आपदा में राहत के संदेश और सरकार के आदेशों से इतर भी समाज ने अपने हाथ बढ़ाए हैं। यही वजह है कि प्रशासन को कहना पड़ा कि अब मदद की पहुंच में किस-किस वस्तु की जरूरत है। मदद का कारवां सिर्फ मदद नहीं, यह राहत का आश्वासन है जिसे सामूहिकता से पूरा करना होगा, लेकिन विडंबना यह कि अब बयानों की चरागाह में भटकने लगा हिमाचल। बाढग्रस्त इलाकों में सत्ता और विपक्ष के अलावा पूरे हिमाचल के सरोकार अगर पहुंचे हैं, तो प्रभावित लोग गवाह हैं कि तिनके को तिनके का सहारा क्या होगा। बेशक हिमाचल को अपने सीमित संसाधनों से अधिकतम व्यय बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में करना होगा, लेकिन यहां राष्ट्र और हिमाचल के बीच फासलों का भी जिक्र होगा। जिक्र होगा केंद्र की भूमिका का, उन अर्जियों का संदर्भ होगा जो दो साल पहले की दर्द को समेटे दिल्ली की ठोकरों में अपनी संवेदना का जिक्र कर रही थीं। राजनीति अगर सराज बनाम शिमला है, तो शिमला बनाम दिल्ली भी है। हमारी पैरवी राष्ट्रीय आपदा के मानदंडों से है या आपदा के बीच सियासत को घसीटने की है। ईमानदारी से होना तो यह चाहिए कि पूरा हिमाचल केंद्र से अपने हिस्से की राहत मांगे। दिल्ली के दिल में हिमाचल के सात सांसदों का दिल एक साथ धडके, तो एकमुश्त किस्त तमाम बाढग्रस्त इलाकों के राहत शिविर तक पहुंच जाएगी। बेशक हिमाचल में विकास के साथ जुड़ रहा विनाश काफी हद तक राजनीतिक या राजनीतिक प्राथमिकताओं की वजह से भी है। हमारे विकास का मॉडल क्यों फेल हो रहा है, इसको लेकर भी तो थोड़ी सी राजनीति हो जाए। क्यों आज तक हिमाचल के नेता टीसीपी कानून की हड्डियां तोड़ते रहे। अतिक्रमणकारी लोगों को प्रकृति से छेड़छाड़ करने की मोहलत देते रहे। जल, जंगल और जमीन को लेकर हमने कौनसी नीतियां बनाईं। राजनीति का चरित्र और हर सत्तारूढ़ दल का आचरण एक ही जैसा साबित हुआ। साबित हुआ कि जिसकी चली या जो सत्ता का प्रभावशाली चेहरा था, उसने प्रगति के नाम पर कंक्रीट के जंगल में ऐसे विकास को उगा दिया, जो आज विनाश का सियापा कर रहा है। हम पहाड़ को अनुशासित होने के बजाय राजनीतिक प्राथमिकताओं की चरागाह बना रहे हैं। ऐसी हजारों सरकारी इमारतें हैं, जिन्होंने विध्वंस का काम किया है। सारे राजनेता और जनप्रतिनिधि सोचें कि उनके हलके में कितनी जेसीबी मशीनें, कितने क्रशर और जमीन की खरीद-फरोख्त के सौदागर बढ़ गए। हम जरूरतों के हिमाचल नहीं, हम छीना-झपटी के हिमाचल हैं। ऐसे में क्या आपदा राहत में भी छीना-झपटी होगी। क्या हमारे रहम में भी ईमानदारी नहीं। अगर हिमाचल की जनता किसी न किसी रूप में चंदा इकट्ठा करके राहत की सांसें बटोर सकती है, तो राज्य के सारे नेक रास्ते खुलने चाहिएं। आपदा में लांछनों की आपदा अगर आमंत्रित कर ली, तो हम एक राज्य नहीं, सिर्फ राजनीतिक स्वार्थ या राजनेताओं के टीले ही बन जाएंगे। ये गलत परंपरा होगी, कहीं तो हम सियासत से हटकर इस दुख-दर्द में जीने और भविष्य संरक्षण का ईमानदार एहसास बनें।

## मोनिका डागा

### आतंकवाद का घिनौना रूप



कविता

कुछ बद्दिमाग खूंखार राक्षसों की काली करतूत,
मचाती हाहाकार, कष्ट से हो जाता विश्व द्रवीभूत,
निहत्थों पर वार चलाना कैसी शर्मनाक फितरत है ?
कायरता का जश्न मनाना ये कैसी बेकार शोहरत है ?
खून का बदला खून से क्या कर सकता भरपाई,
जिन्होंने अपने जीवन की खोई अनमोल ईकाई,
जन्म लेगी नफरत और भड़के की ज्यादा आग,
चलता रहेगा ये हत्याओं का खूनी दर्दनाक फाग ।

थू थू करता जग सारा तुम पर क्यों साख डुबोते हो ?
गड्ढा खोदते दूसरों के लिए व खुद ही गड्ढे में गिरते हो,
बद्दुआओं में जीकर कौन सा तीर मारा जीवन में ?
खून की नदियां बहाई क्या मिला दहशत घुटन में ?

कैसी तालीम मिली तुमको इंसानियत को ही भूल गए ?
अपने ही मुल्क को बदनाम कर देश प्रेम को भूल गए ?
इस घृणित कर्म से न जाने कितने सिपाही मारे जाएंगे ?
लाल वो भी धरा के बेवजह क्रोध की बलि चढ़ जाएंगे ?

धर्म जाति के नाम पर लडाई करवा गंदा खेल रचते हो ?
क्यों शांति, प्रेम, अमन सुकून को कलंकित करते हों ?
थम जाओ छोड़ दो ये हिंसा का दर्दनाक भयावह मंजर,
मासूमों के हाथ मत दो तुम्हारी नफरत का खूनी खंजर ।

कसूरवार हो तुम क्यों ईष्या घृणा फैला कर हंसते हो ?
किसी से प्रेम नहीं करते बस अहम् को सिद्ध करते हो ?
जो करना होगा वो तो देश की सरकारें निर्णय ले करेंगी,
जहर की इस फसल को जड़ समेत ही उखाड़ फेंकेगी ।

कांप रही है ये कलम आज आंखों की पलकें भी नम,
दुश्मनी की खाई क्यों नहीं होती इतने वर्षों बाद भी कम,
सुरक्षित नहीं इंसान कहीं भी इंसान ही बन बैठा दुश्मन,
₹आनंद₹ नहीं जीवन में बढ़ी हर मन में चिंताएं उलझन ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# मुंबई लोकल ट्रेन बम धमाकों का फैसला और उठते सवाल



ललित गर्ग





11 जुलाई 2006 को मुंबई की भीड़भरी लोकल ट्रेनों में हुए सीरियल बम धमाकों ने समूचे देश को झकझोर कर रख दिया था। पीडित परिवारों के साथ-साथ जन-जन को आहत किया था। 7 जगहों पर हुए इन धमाकों में 187 निर्दोष लोगों की जान गई और 824 से ज्यादा लोग घायल हुए। यह भारत के सबसे बड़े आतंकी हमलों में से एक था। लेकिन इन बम धमाके को लेकर सोमवार को बॉम्बे हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया, कोर्ट ने विशेष मकोका अदालत की ओर से 12 अभियुक्तों को दी गई सजा को गैरकानूनी करार दिया। इन सभी आरोपियों का बरी हो जाना सवाल के साथ-साथ चिन्ता भी पैदा करता है। इसीलिये करीब 19 साल बाद आए अदालत के इस फैसले को लेकर न केवल कानूनी दायरे में, बल्कि सामाजिक व नैतिक दृष्टिकोण से भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। क्योंकि बॉम्बे हाई कोर्ट के इस फैसले के बाद सवाल वहीं घूमकर आ जाता है कि इतने बड़े नुकसान का दोषी कौन है?

लम्बी न्यायिक प्रक्रिया एवं जांच के बाद 2015 में मुंबई की विशेष मकोका अदालत ने 12 अभियुक्तों को दोषी करार दिया, जिसमें से 5 को फांसी और 7 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। यह फैसला लगभग 8 वर्षों की सुनवाई, 250 से ज्यादा गवाहों और हजारों पन्नों की गवाही के बाद आया। लेकिन 2023 और फिर 2025 में कुछ सिविल सोसाइटी संगठनों, मानवाधिकार समूहों और कुछ कानूनी विशेषज्ञों ने फैसले पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कुछ दोषियों को पर्याप्त सबूतों के बिना फंसाया गया, पुलिस की जांच पक्षपातपूर्ण रही और कई जगह कानून के दायरे का अतिक्रमण किया गया। इसी को आधार बनाकर हाईकोर्ट में जिस तरह से एक-एक करके सारे सबूतों की धज्जियां उड़ायी, उससे पूरे सिस्टम को लेकर संदेह उठता है। जब इतने अहम मामले में इतनी लचर एवं लापरवाहीपूर्ण जांच हुई, तो फिर दूसरे तमाम केस में क्या होता होगा? गवाहों के बयान दर्ज करने से लेकर सबूत जुटाने तक, हर जगह लापरवाही एवं कौताही बरती गई। कानून की दृष्टि में अपराध केवल घटना नहीं, उस घटना के पीछे की मंशा, सबूतों की पुष्टि, प्रक्रिया की शुद्धता और निष्पक्षता का भी मूल्यांकन करता है। ह्लदोषी को सजा मिलनी चाहिएह्व-यह एक सार्वभौमिक सिद्धांत है, लेकिन ह्लनिर्दोष को दंड न मिलेह्व-यह उससे भी अधिक महत्वपूर्ण नैतिक सिद्धांत है। भारतीय दंड संहिता, मकोका और गैरकानूनी गतिविधियाँ रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) जैसे सख्त कानून आतंकवाद से निपटने के लिए बनाए गए, लेकिन इनका उपयोग अक्सर राजनीतिक प्रभाव, मीडिया ट्रायल, या जनभावनाओं को शांत करने के लिए किया गया है। ट्रेनों में हुए सीरियल बम धमाकों के मामले में अनेक ज्वलंत सवाल खड़े हुए हैं कि क्या सभी दोषियों को वास्तव में पर्याप्त प्रमाणों के आधार पर दोषी ठहराया गया है? यदि नहीं, तो यह न्याय व्यवस्था के लिए एक गंभीर प्रश्न है। क्या पुलिस या जांच एजेंसियों ने निष्पक्ष जांच की? कई बार जांच एजेंसियों पर ह्यनतीजे पहले, जांच बाद मेंह्ण का आरोप लगा है। क्या विशेष अदालतों का गठन निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित करता है या त्वरित दंड की नीति अपनाता है? क्या कानून केवल सख्ती का पर्याय बन गया है या उसमें मानवीय संवेदना का स्थान है? क्या मीडिया ट्रायल ने वास्तविक न्याय को प्रभावित किया? इन प्रश्नों के उत्तर मिलना ही चाहिए। देश के सामने आतंकवाद के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की चुनौती है, तो वहीं न्याय की नैतिकता बनाए रखने की भी जिम्मेदारी है। अगर कानून का इस्तेमाल अन्याय के लिए किया गया, तो आतंकवाद के खिलाफ जंग की नैतिकता ही सवालों में पड़ जाएगी। न्याय केवल प्रतिशोध नहीं, बल्कि नैतिक और विधिसम्मत संतुलन का नाम है। जो निर्दोष है, उसे दोषमुक्त करना और जो दोषी है, उसे यथोचित दंड देना- यही कानून का आदर्श उद्देश्य है। मुंबई बम धमाके जैसी वीभत्स घटनाएं देश के लिए चुनौती हैं, लेकिन इन चुनौतियों से निपटने के नाम पर अगर हम न्याय और कानून के मूलभूत सिद्धांतों से समझौता करते हैं, तो हम एक असुरक्षित और अन्यायपूर्ण समाज की नींव रखेंगे। आवश्यक है कि न्याय केवल न्यायालयों की प्रक्रिया न रहे, वह जनविश्वास का प्रतीक बने। एक बड़ा सवाल है कि न्याय व्यवस्था पर भरोसा कैसे बना रहे? इसके लिये जरूरी है कि जांच प्रक्रिया पारदर्शी हो, आरोपों की पुष्टि डिजिटल और वैज्ञानिक सबूतों से हो। अदालतें किसी दबाव, राजनीतिक प्रभाव या जनभावना से परे निर्णय लें। न्याय में देरी भी अन्याय है, लेकिन जल्दबाजी में न्याय भी गलत निर्णय की आशंका बढ़ाता है। सभी मामलों में उच्च न्यायालय व सर्वोच्च न्यायालय में स्वतंत्र और निष्पक्ष पुनरावलोकन की व्यवस्था रहे। निचली अदालते हो या सर्वोच्च अदालते- न्यायिक फैसलों का बदलना न्यायिक प्रक्रिया की विश्वसनीयता एवं निष्पक्षता के लिये गंभीर चुनौती है। ऐसे अनेक मामले हैं जिनमें निचली अदालतों में दिये गये मौत की सजा को ऊपरी अदालतों ने बदल दिया। जांच में खामियों, गवाही में कमी और कमजोर सबूतों के चलते ऊपर की अदालतों में केस खारिज होते हुए बार-बार देखे गये हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हाल में एक आरोपी की मौत की सजा को खारिज करते हुए कहा कि ह्यजब दांव पर इंसानी जिंदगी लगी हो और उसकी कीमत खून हो, तो मामले को पूरी ईमानदारी से देखा जाना चाहिए।ह्ण दुर्भाग्य से मुंबई की लोकल ट्रेनों में हुए सीरियल बम ब्लास्ट की जांच में इस भावना का सही से पालन नहीं किया गया। इस मामले में सभी आरोपियों का बरी हो जाना न केवल न्याय प्रक्रिया पर बल्कि जांच एजेंसियों पर सवाल पैदा करता है। प्रश्न है कि अगर 12 लोग निर्दोष थे तो इतने बरसों तक आतंकी होने का दाग लिए जिल्लत की जिंदगी क्यों जीते रहे? अगर ये दोषी थे तो जांच इतनी कमजोर क्यों हुई? यह केस निचली अदालतों के कामकाज के तरीकों पर भी बड़ा सवालिया निशान है। सबूतों को लेकर इतने संदेह थे, लेकिन निचली अदालत ने उन पर गौर नहीं किया। यह विडम्बनापूर्ण एवं हमारी न्याय प्रक्रिया की विसंगति ही है। यह पहला मामला नहीं, जहां जांच में खामियों, गवाही में कमी और कमजोर सबूतों के चलते ऊपर की अदालतों में केस खारिज हो गया हो। कलकत्ता हाईकोर्ट ने पिछले हफ्ते तीन लोगों की मौत की सजा रद्द करते हुए उन्हें हत्या के आरोपों से बरी कर दिया था। पिछले ही हफ्ते सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने भी 2011 में हुई दोहरी हत्या और रेप के आरोपी को छोड़ने का आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने जांच में गंभीर कमियां गिनाई थीं। इसी दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया था कि झूठे मुकदमों की वजह से जिन्हें लंबा समय जेल में बिताना पड़ा है, उन्हें मुआवजा देने के लिए कानून बनाने पर विचार करना चाहिए। अब मुंबई लोकल ट्रेन ब्लास्ट केस को लेकर महाराष्ट्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। महाराष्ट्र सरकार लोकल ट्रेन बम धमाके में आरोपियों को निर्दोष छोड़ने के बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देते हुए अपील दायर की है। देश उम्मीद करता है कि इस बार तथ्यों को सही ढंग से रखा जाएगा। यह केवल एक केस नहीं, न्याय व्यवस्था पर आम लोगों के यकीन का मामला है। भारत में न्याय प्रणाली पर आम धारणा है कि पुलिस और अदालतें लोगों की जिंदगी को तबाह कर देती हैं, वर्षों लम्बी न्याय प्रक्रिया झेलने के बाद भी लोगों को समुचित न्याय नहीं मिल पाता है। न्याय में देरी न्याय के सिद्धांत से विमुखता है, न्याय प्राप्त करना और इसे समय से प्राप्त करना किसी भी आदर्श न्याय व्यवस्था में आम व्यक्ति का नैसर्गिक अधिकार होता है। न्याय सिर्फ होना ही नहीं चाहिये बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिये।

## मानसून में इन जगहों पर पास से महसूस कर पाएंगे प्रकृति की खूबसूरती



इस मानसून में आप एक छोटा सा ब्रेक लेकर भीगती वादियों की सैर पर निकल जाएं। फिर चाहे वह फैमिली आउटिंग, सोलो एडवेंचर या रोमांटिक ट्रिप हो। भारत की कुछ जगहें मानसून में आपके अनुभव को यागदार बना देंगी।

मानसून का मौसम आते ही बारिश की बूंदे पर धरती पर पड़ती हैं, तो प्रकृति अपनी खूबसूरती के चरम पर पहुंच जाती है। बारिश के मौसम में भारत के कुछ स्थलों पर अद्भुत नजारे देखने को मिलते हैं। हरे-भरे जंगल, पहाड़ों से गिरते झरने, घनघोर बादलों से ढकी घाटियां और ठंडी हवाएं मन को सुकून देने का काम करती हैं। बारिश आपको प्रकृति से जुड़ने का मौका देती है। इस मौसम में घूमना और प्रकृति की खूबसूरती को महसूस करना आपको एक अलग एक्सपीरियंस दे सकता है। इस मानसून में आप एक छोटा सा ब्रेक लेकर भीगती वादियों की सैर पर निकल जाएं। फिर चाहे वह फैमिली आउटिंग, सोलो एडवेंचर या रोमांटिक ट्रिप हो। भारत की कुछ जगहें मानसून में आपके अनुभव को यागदार बना देंगी। ऐसे में अगर आप भी बारिश में घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो भारत की इन जगहों को आपकी ट्रैवल लिस्ट में जरूर शामिल करें।

**महाबलेश्वर, महाराष्ट्रः** महाराष्ट्र के महाबलेश्वर हिल स्टेशन की खूबसूरती मानसून में देखने लायक होती है। यहां के हरे-भरे पहाड़, शानदार घाटियां और स्ट्रॉबेरी फार्म काफी लोकप्रिय हैं। मानसून में बादलों से ढके रास्ते और बहते हुए झरने इस जगह की सुंदरता को बढ़ा देते हैं। आप यहां पर वेन्ना लेक, आर्थर सीट और प्रतापगढ़ किला घूम सकते हैं।

**लोनावला-खंडाला, महाराष्ट्रः** मुंबई और पुणे के पास स्थिति लोनावला और खंडाला हिल स्टेशन बेहद खूबसूरत नजर आता है। यह जगह मानसून में हरियाली से ढक जाता है। झरने, ट्रेकिंग और खूबसूरत घाटियों के लिए यह मौसम बेस्ट है। अगर आप खंडाला और लोनावला घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो कुछ जगहें आकर्षण का केंद्र रहती हैं। आप यहां पर टाइगर पॉइंट, भुशी डैम और राजमाची किले को एक्सप्लोर करें।

**अलेप्पी, केरलः** अगर आप भी मानसून में बैकवॉटर का अनुभव और हाउसबोट की अनोखी सैर करना चाहते हैं, तो आपको केरल के अलेप्पी की ट्रिप प्लान कर सकते हैं। बारिश की फुहारों के साथ शांत जल में हाउस बोट पर तैरते रहना आपको एक अलौकिक अनुभव देगा।

**मुन्नार, केरलः** अकेरल का मुन्नार चाय के बागानों के लिए काफी ज्यादा फेमस है। बारिश में इन्हीं चाय के बागानों की हरियाली दोगुनी हो जाती है और यह काफी खूबसूरत नजर आती है। यहां पर बादलों से घिरे पहाड़ और शांत झीलें मनमोहक अनुभव कराती हैं। मानसून में मुन्नार एक फोटो परफेक्ट हिल स्टेशन बन जाता है। यहां पर आप एराविकुलम नेशनल पार्क और मट्टुपेट्टी डैम आदि को एक्सप्लोर कर सकती हैं।

**चेरापूंजी, मेघालयः** दुनिया में सबसे अधिक बारिश वाले स्थानों में से एक मेघालय का चेरापूंजी है। यहां पर मानसून में सबसे ज्यादा बारिश होती है। लेकिन मानसून में चेरापूंजी का आकर्षण कई गुना बढ़ जाता है। यहां पर झरने, बारिश और लिविंग रूटब्रिज इस जगह को खास बनाती हैं। अगर आप मानसून में चेरापूंजी की यात्रा करने का प्लान कर रहे हैं, तो आपको सेवन सिस्टर्स फॉल्स और नोक्रेक बायोस्फीयर रिजर्व जरूरे एक्सप्लोर करना चाहिए।

## मिस कॉल की कहानी



मुकेश कुमार बिस्सा
जैसलमेर

शहर की भागदौड़ भरी जिंदगी में राहुल नाम का एक लड़का रहता था। राहुल का जीवन स्मार्टफोन के इर्द-गिर्द घूमता था—व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, और वो एक पुराना सा नोकिया फोन, जो वो सिर्फ इसलिए रखता था क्योंकि उसकी बैटरी एक हफ्ते तक चलती थी। लेकिन उसकी जिंदगी में एक अजीब सी आदत थी—मिस कॉल देना। राहुल का मानना था कि मिस कॉल एक कला है, एक संदेश, जो बिना बोले सब कुछ कह देता है।

एक दिन राहुल को अपने दोस्त अजय को कुछ जरूरी बात बतानी थी। लेकिन, जैसा कि उसकी आदत थी, उसने सीधे कॉल करने की बजाय मिस कॉल दी। एक रिंग, और कट। अजय ने तुरंत कॉल बैक किया, लेकिन राहुल का फोन स्विच ऑफ। अजय ने सोचा, ये राहुल भी ना, मिस कॉल मारता है और फिर गायब! लेकिन बात यहीं नहीं रुकी। उसी रात राहुल को एक अनजान नंबर से मिस कॉल आई। एक रिंग, और कट। राहुल ने सोचा, शायद कोई गलती से कॉल आया, और नजरअंदाज कर दिया।

अगले दिन फिर वही नंबर, फिर वही मिस कॉल। अब राहुल की उत्सुकता जागी। उसने नंबर ट्रेस करने की कोशिश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। उसने हिम्मत करके कॉल बैक किया, लेकिन दूसरी तरफ से सिर्फ सन्नाटा। ना कोई आवाज, ना कोई जवाब। राहुल को थोड़ा डर लगा, लेकिन उसने खुद को समझाया, अरे, शायद कोई बच्चा मजाक कर रहा है।

कुछ दिन बाद मिस कॉल का सिलसिला बढ़ता गया। हर रात, ठीक 11:11 बजे, वही अनजान नंबर, वही एक रिंग। राहुल का पुराना नोकिया फोन अब उसकी नींद का दुश्मन बन चुका था। उसने अपने दोस्तों को बताया, लेकिन सबने हंसकर टाल दिया। अजय ने तो मजाक में कहा, भाई, तेरा कोई भूत-प्रेत तो नहीं पकड़ गया? मिस कॉल तो आत्माएं नहीं देतीं! एक रात, राहुल ने हिम्मत जुटाई और मिस कॉल के तुरंत बाद जवाबी कॉल की। इस बार, फोन उठा। दूसरी तरफ से एक धीमी, ठंडी सी आवाज आई, राहुल तुमने मुझे भुला दिया। राहुल के रोंगटे खड़े हो गए। उसने कांपते स्वर में पूछा, क कौन? जवाब आया, मैं तुम्हारी पुरानी सिम जिसे तुमने नोकिया में डाल रखा है।

राहुल का दिमाग घूमा। उसने सालों पहले अपनी पुरानी सिम बदली थी, लेकिन नंबर वही रखा था। वो सिम, जो उसने अपनी पहली गर्लफ्रेंड, नेहा, को अनगिनत मिस कॉल्स देने के लिए इस्तेमाल की थी। नेहा, जिसके साथ उसका ब्रेकअप हो गया था, और जिसने कहा था, राहुल, मैं तुम्हें कभी नहीं भूलूंगी। राहुल ने डरते-डरते फोन काट दिया और तुरंत वो पुराना नोकिया फोन बंद कर दिया। उसने सिम निकालकर डब्बे में बंद कर दी। अगले दिन उसने नया फोन लिया, नया नंबर लिया, और मिस कॉल की आदत छोड़ दी। लेकिन रात को 11:11 बजे, जब उसका नया फोन बजा, और स्क्रीन पर मिस कॉलः अनजान नंबर दिखा, तो राहुल का चेहरा सफेद पड़ गया। कहते हैं, मिस कॉल सिर्फ एक रिंग नहीं, बल्कि एक अधूरी कहानी है, जो शायद कभी पूरी न हो। और राहुल? वो अब भी हर रात 11:11 बजे अपने फोन को बंद कर देता है। क्या पता, कोई पुरानी सिम, या पुरानी याद, फिर से मिस कॉल दे दे!

# जिले में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम्स एवं अल्ट्रासाऊंड सेंटर्स की औचक जांच करें : डीएम

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर** : जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पीसीपीएनडीटी सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ कौशलेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रभा रानी, नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी डॉ के के राहुल, शासकीय अधिवक्ता मुकेश त्यागी, रेडियोलोजिस्ट डॉ आर बी त्यागी, सदस्य सुधा राठी आदि मौजूद रहे। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने नोडल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि नियमित रूप से जिले में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम्स एवं अल्ट्रासाऊंड सेंटर्स की औचक जांच करना सुनिश्चित करें तथा कृत कार्यवाही एवं लिए गए एक्शन को पीसीपीएनडीटी मीटिंग के कार्यवृत में भी शामिल करें। उन्होंने नोडल अधिकारी को निर्देशित किया कि पीसीपीएनडीटी की मासिक बैठक नियमित रूप से आयोजित करना सुनिश्चित करें ताकि अनावश्यक रूप से प्रकरण लंबित न रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि अल्ट्रासाउंड मशीन संचालक की पत्रावली प्रस्तुत करने से पूर्व प्रदेश से बाहर के चिकित्सकों से शपथ पत्र प्राप्त करें, जिसमें उनके द्वारा अन्य किसी स्थान पर अल्ट्रासाउंड मशीन का संचालन न करने तथा कार्य स्थल शहर में ही निवास करना शामिल हो, को पत्रावली के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें। उन्होंने पत्रावली में अल्ट्रासाउंड मशीन के संचालन के लिए नामित डॉक्टरों की पोस्ट ग्रेजुएट शैक्षिक योग्यता का सत्यापन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि रेडक्रॉस सोसायटी को क्रियाशील रखें और समय-समय पर निःशुल्क स्वास्थ्य एवं आई कैम्पों का आयोजन कर आमजन को लाभान्वित करते रहें तथा लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराने के साथ ही उन्हें मुफ्त में चश्मे भी मुहैया कराएं। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि पीसीपीएनडीटी सलाहकार समिति का कार्य बहुत महत्वपूर्ण है, अतः अल्ट्रासाउंड मशीन की स्थापना के लिए सभी मानकों की सक्षम अधिकारी से जांच कराना सुनिश्चित करें तथा संतुष्टि के बाद ही पंजीकरण/नवीनीकरण की अनुमति के लिए पत्रावली प्रस्तुत करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि समय-समय पर चैक लिस्ट के आधार पर नियमित रूप से अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच भी करते रहें, ताकि किसी भी स्तर पर उसका दुर्पयोग न होने पाए।

# आम आदमी पार्टी के दोनों नेता राज्य सभा सांसद संजय सिंह से दिल्ली मिले

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर**। रामपुर में अखबारों की सुर्खियां बटोरने वाले मामून शाह खां ने पिछले दिनों आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता फैसल लाला के कार्यालय पर पत्रकार वार्ता कर रामपुर की जनता से माफी मांगी थी। आज दोनों नेता आप के उप्र प्रभारी एवं राज्य सभा सांसद संजय सिंह से उनके दिल्ली स्थित आवास पर मिले।

बताते चले कि आप नेता फैसल लाला व चेयरपर्सन पति मामून शाह खां के बीच छिड़ी सियासी जंग अब खत्म हो चुकी हैं अब दोनो नेता रामपुर की अवाम की खिदमत करने की बात कर रहे हैं। बीते रोज मामून शाह खां ने फैसल लाला के कार्यालय पर पत्रकार वार्ता कर दोनो के बीच छिड़ी जंग की समाप्ति का एलान कर दिया था और मिलकर रामपुर में विकास व तरक्की करने का वायदा किया था। दोनो के बीच समझौते के बाद पहली बार दोनो नेता आम आदमी पार्टी के उप्र प्रभारी संजय सिंह से दिल्ली स्थित उनके आवास पर मिले और रामपुर की नगर पालिका द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों और इसमें बेहतरी का रास्तों की चर्चा की। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष इंजी. मो. हैदर, फैसल लाला, प्रांतीय उपाध्यक्ष आसिफ मियां मौजूद थे।

# नगर पालिका चेयरपर्सन सना मामून ने अपने आवास पर लगाया जनता दरबार



वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर**। नगर पालिका चेयरपर्सन सना मामून ने अपने कार्यालय में बुधवार को 11 बजे से नगर पालिका चेयरपर्सन सना मामून की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। मौके पर नगर पालिका क्षेत्र के नागरिको ने अपनी-अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जनता दरबार में मुख्य रूप से सड़क निर्माण की मांग, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, लाइट, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) से जुड़ी शिकायतें और अन्य जनसमस्याएं प्रमुखता से उठाई गईं। चेयरपर्सन सना मामून ने प्रत्येक फरियादी की बातें गंभीरता से सुनीं और संबंधित पदाधिकारियों एवं प्रभारियों को समस्याओं के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान ही नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है,

इस मौके पर नगर पालिका चेयरपर्सन पति समाज सेवी मामून शाह खान, एजाज हुसैन खान एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण संबंधी बैठक आयोजित





वेलकम इंडिया महमूद रजा

बिजनौर जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि कल 01 जुलाई, 2025 से जारी विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान अंतिम चरण में है, सभी संबंधित विभागीय अधिकारी आपसी सामंजस्य के साथ इस महत्वपूर्ण अभियान को पूर्ण मानक के अनुरूप संचालित करें ताकि जिले में संचारी रोगों पर नियंत्रण स्थापित किया जा सके। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारीयों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि संचारी रोगों पर नियंत्रण रखने के लिए नियमित रुप से सफाई व्यवस्था को जारी रखें और समय-समय पर नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव और फोगिंग कार्य भी कराया जाता रहे ताकि मच्छर उत्पन्न न हो सकें। उन्होंने उपरोक्त बैठक की विस्तृत समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन द्वारा दिए गए निदेर्शों के अनुसार संचारी रोग नियंत्रण के लिए अपने दायित्वों का जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ करें। उन्होंने उक्त अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें जिससे शत प्रतिशत तरीके से अभियान सफलतापूर्वक आयोजित हो सके इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर कौशलेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मनोज सेन, डॉ उर्मिला कार्या, महिला अस्पताल डॉक्टर प्रभा रानी सहित सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी तथा एमओआईसी मौजूद थे।

# गोल्डन लाइंस बिजनौर समर्पण क्लब से खुशबू कर्णवाल चुनी गई तीज क्वीन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर** : गोल्डन लाइन्स बिजनौर समर्पण ने तीज महोत्सव का कार्यक्रम इंप्रेशन रेस्टोरेंट में बड़ी धूमधाम से मनाया। तीज का त्यौहार महिला शक्तिकरण और उनके सम्मान का प्रतीक हैं और त्योहारों को सच्ची भावना से मनाने से भारतीय परमपराओं से जुड़ने में भी मदद मिलती है। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश जी के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया गया।

अध्यक्ष राशि अग्रवाल, सचिव कनक, कोषाध्यक्ष प्रीति, साक्षी द्वारा सभी क्लब के मेंबर्स अन्य क्लब के पोस्ट होल्डर का तिलक और उपहार देकर द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। इस तीज महोत्सव के अवसर पर क्लब की थीम विभिन्न प्रकार के स्टेट नृत्य रखी गई थी। क्लब की सभी सदस्य अलग अलग वेशभूषा मे सभी ने स्टेट डांस प्रस्तुत किया। नृत्य प्रतिभागियों ने बॉलीवुड के प्रसिद्ध गानों पर थिरकते हुए अपनी अदाओं और कौशल से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। डांस प्रतियोगिता की विजेता प्रियंका, मोनिका रही। साथ में टम्बोला खेलकर सभी ने भरपूर आनंद लिया। तीज क्वीन खुशबू कर्णवाल और हरियाली तीज नेहा मित्तल, सोनम रही। सेल्फी फ्रेम की प्रतियोगिता में प्रतियोगियों ने अपनी रचनात्मकता तथा कौशल का प्रदर्शन किया। सेल्फी फ्रेम की विजेता गुंजन और दिपाली रही। मंच का संचालन मोनिका जैन रजनी बंसल द्वारा किया गया।

# डांक कांवड श्री सत्यनारायण आश्रम फूलताल पहुँचने पर किया गया भव्य स्वागत



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**धामपुर**। श्रावण मास की शिवरात्रि पर हरिद्वार से पतित पावनी मां गंगा का जल लेकर क्षेत्र के पुक्खेवाला ग्राम के निकट फूलताल मंदौर स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ श्री सत्यनारायण आश्रम में भगवान शिव का जलाभिषेक करने हेतु डांक कांवड लेकर पहुँचे कांवडियों का क्षेत्रवासियों ने भव्य स्वागत किया। श्री संकट मोचन बाला जी मन्दिर हिदायतपुर पत्थरवाला के महंत मोहित त्यागी ने बताया कि क्षेत्र के युवा श्रद्धालुओ की यह प्रथम डांक कांवड है । भविष्य में इसी प्रकार प्रत्येक वर्ष डांक कांवड लाने का संकल्प लिया गया है। डांक कांवडियों में विकास कुमार, टिल्लू, परविन्द्र सिंह, रोहित कुमार, आकाश कुमार, धर्मेंद्र सिंह, सौरभ कुमार, त्रिवेन्द्र कुमार, सचिन कुमार, देवेन्द्र कुमार, गाजेश कुमार, अभिषेक कुमार, विवेक कुमार, प्रिंस कुमार, सोनवीर सिंह, विकूल कुमार, सोनू सिंह, दुर्वेश कुमार, दीपक कुमार, राजन सिंह आदि भोले मुख्य रूप से रहे।

भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष खेल सिंह राजपूत, मंजू त्यागी आदि गणमान्य जन ने सभी कांवडियों का स्वागत किया।

# शुगर मिल चाँगीपुर, गन्ना समिति ने मानसून गन्ना बुवाई का किया शुभारंभ

वेलकम इंडिया :नितिन शर्मा




बिंदल शुगर मिल चाँगीपुर, गन्ना समिति नूरपुर के ग्राम बसेड़ा तगा में कृषक हिमांशु त्यागी के खेत में मानसून गन्ना बुवाई का उद्घाटन बिंदल चीनी मिल चाँगीपुर के उपाध्यक्ष गन्ना जितेंद्र मलिक के द्वारा किया गया। जिसमें कृषक द्वारा मृदा एवं बीज उपचार कीटनाशक एवं फफूँदीनाशक से किया गया। कृषक ने 0.400 है० क्षेत्रफल में गन्ना प्रजाति कोशा 18231 की बुवाई ट्रेंच विधि द्वारा की।

इस मौके पर बिंदल चीनी मिल के उपाध्यक्ष गन्ना ने किसानों से अपील की कि इस समय गन्ना सर्वे प्रदर्शन का कार्य चल रहा है सभी अपना गन्ना सर्वे क्षेत्रफल आदि, प्रदर्शन के दौरान देख ले और कोई त्रुटि होने पर उसमें गन्ना सुपरवाइजर/पर्यवेक्षक से संसोधन करा लें। साथ ही साथ गन्ने में लगने वाली बीमारी की रोकथाम एवं अच्छी बढ़वार हेतु चीनी मिल द्वारा अनुदान पर चलाए जा रहे ड्रोन स्प्रे के बारे में भी कृषकों को जानकारी दी। इस मौके पर मुख्य गन्ना प्रबंधक इंद्रवीर सिंह, उप गन्ना प्रबंधन राजवीर सिंह, डिवीजन इंचार्ज उदयराज सिंह, गन्ना सुपरवाइजर ऋषभ, गौरव एवं काफी संख्या में कृषक मौजूद रहे।

# डग्गामार वाहनों का अवैध कारोबार किसकी शह पर चल रहा है

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर** : नूरपुर से दिल्ली के लिए संचालित हो रहे डग्गामार वाहनो का कारोबार किसके संरक्षण में फल फूल रहा है। जहां नियमों को ताक पर रखकर संचालित हो रहे इन वाहनों में यात्रियों की जान जोखिम में डाली जा रही है। इन वाहनों मे न तो यात्रियों की सुरक्षा का ध्यान रखा जाता है। और न किसी प्रकार के नियमों का पालन किया जाता है। यात्रियों की जान जोखिम मे डाली जा रही है। इन डग्गामार वाहनो में न तो यात्रियों की सुरक्षा का ध्यान रखा जाता है और न हीं किसी प्रकार के नियमों का पालन किया जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डग्गामार वाहनों का यह अवैध कारोबार लंबे समय से चल रहा है लेकिन संबंधित अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर किसके संरक्षण में यह सब हो रहा है। क्या इन डग्गामार वाहनों के मालिकों को किसी प्रभावशाली व्यक्ति का समर्थन प्राप्त है। जिसके चलते इन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इस मामले में तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। और डग्गामार वाहनों के अवैध कारोबार पर लगाम लगाई जा सके। यह देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और किसकी शह पर यह अवैध कारोबार चल रहा है तथा डग्गामार वाहनो का अवैध कारोबार परिवहन विभाग को लाखों रुपए का चूना लगा रहा है।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने टीकाकरण वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर**। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत खुरपका मुंहपका बीमारी के टीकाकरण का शुभारम्भ जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने कलेक्ट्रेट परिसर से टीकाकरण वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया।

मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा० वेद प्रकाश ने बताया कि जनपद को 459700 खुराक खुरपका मुंहपका का टीका प्राप्त हुआ है, जो कि जनपद के सभी गौवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं में लगाया जाएगा। उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा० रामलखन ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में 106122 गौवंशीय तथा 353580 महिषवंशीय पशु है। टीकाकरण हेतु ब्लॉक स्तर पर टीम का गठन कर दिया गया है, जो पशु मालिक के द्वार पर जाकर निःशुल्क टीकाकरण करेगी। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी ने रामपुर के सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने पशुओं का टीकाकरण एवं टैग अवश्य लगवायें तथा अपने पशुओं को इस संक्रामक बीमारी से बचाएं।

# बच्चों के मामूली विवाद के दौरान एक अधेड़ व्यक्ति की मौत

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर के अफजलगढ़। नगर के मोहल्ला नायक सराय में बच्चों के मामूली विवाद के दौरान एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो जाने पर परिजनों में कोहराम मच गया। जबकि विवाद के दौरान मृतक अधेड़ के दोनों पुत्र भी घायल हो गए। पुलिस ने मृतक अधेड़ व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मृतक के पुत्र मोहम्मद फैज की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। नगर के मोहल्ला नायक सराय निवासी मोहम्मद फैज पुत्र रफीक ने जानकारी देते हुए बताया कि उसके पिता रफीक कुरैशी घर के नजदीक मौहल्ले में ही एक परचून की दुकान चलाने का काम किया करते थे। बुधवार को दोपहर साढ़े बारह बजे के करीब बच्चो के खेलने को लेकर मौहल्ले के ही साहिल पुत्र मुस्तफा से कहासुनी हो गई थी। शोर शराबे के आवाज सुनकर तभी साहिल के पिता मुस्तफा भी मौके पर आ गए। और पीड़ित के भाई मोहम्मद कैफ के साथ मारपीट करने लगा तभी पीड़ित के पिता रफीक अहमद कुरैशी पुत्र अब्दुल शकूर भी आ गये और समझाने लगे। इसी दौरान मुस्तफा और उसके बेटे साहिल, पत्नी फरजाना ने मेरे पिता रफीक कुरैशी के साथ धक्का मुक्की व डंडों से मारपीट की। इसी दौरान पीड़ित के पिता रफीक अहमद कुरैशी घबराने लगे दोराने उपचार उनकी मौत हो गयी है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे सीओ अफजलगढ़ राजेश सिंह सोलंकी व थानाध्यक्ष सुमित राठी ने परिजनों से घटना की जानकारी ली। जबकि विवाद के दौरान मृतक अधेड़ रफीक अहमद कुरैशी के दोनों पुत्र मोहम्मद फैज उम्र 20 वर्षीय व मोहम्मद कैफ उम्र 18 वर्षीय भी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मृतक अधेड़ रफीक अहमद कुरैशी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर में भेज मृतक के पुत्र मोहम्मद फैज की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक रफीक अहमद कुरैशी अपने पीछे पत्नी तीन पुत्र तथा एक पुत्री सहित अपना पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गया है। उधर थानाध्यक्ष सुमित राठी ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक व्यक्ति रफीक अहमद के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर में भिजवा दिया गया है।

# उपजा, शिव सेना व भारतीय किसान यूनियन मातृ भूमि ने कांवरियों के लिए जलपान शिविर का किया आयोजन

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर.**उपजा (यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन), शिवसेना व भारतीय किसान यूनियन मातृ भूमि ने मिलकर बुलंदशहर गुलावठी तक कांवरियों के लिए जलपान शिविर का आयोजन किया गया। हरिद्वार से जल लेकर आ रहे शिव भक्तों का स्वागत करते हुए जलपान की व्यवस्था की गयी।

जिला महामंत्री दीपक शर्मा व शिवसेना पार्टी के जिला अध्यक्ष व भाकियू के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सर्वेश राणा व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजू भाई प्रदेश अध्यक्ष हाजी रशीद गाजी जिला अध्यक्ष काशिम अली ने कहा कि सावन माह भगवान शिव को इसलिए पसंद है क्योंकि समुद्र मंथन के समय जब हलाहल नामक विष सागर से निकला था, उस समय सृष्टि की रक्षा के लिए भगवान शिव ने इस विष को अपने गले में धारण कर लिया। इस कारण भगवान शिव का एक नाम नीलकंठ भी है। यह घटना सावन के महीने में हुई थी। विष के ताप को शांत करने के लिए ब्रह्मा जी के कहने पर देवताओं ने शिव जी का जलाभिषेक किया। इससे शिव जी का ताप शांत हुआ। उन्होंने मुस्लिम बंधुओं द्वारा कांवरियों की सेवा भावना को गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल बताया।

इस अवसर पर शिवसेना जिला अध्यक्ष सर्वेश राणा, विशाल राणा, निशांत ठाकुर, यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन की टीम जिला महामंत्री दीपक पंडित, जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर लोधी, जेपी गुप्ता जिला उपाध्यक्ष, के प्रसाद नगर अध्यक्ष, अनिल पत्रकार जिला उपाध्यक्ष, महबूब अली जिला सचिव, भारतीय किसान यूनियन मातृभूमि की टीम दानवीर प्रधान राष्ट्रीय अध्यक्ष, मोहम्मद रियाज राजू राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शाहिद भाई जिला उपाध्यक्ष, हाफिज रशीद गाजी प्रदेश अध्यक्ष, कासिम जिला अध्यक्ष, फैसल कुरैशी एनसीआर अध्यक्ष, फैसल मलिक जिला महामंत्री, आरिफ खान जिला अध्यक्ष व्यापार मोर्चा, जिला प्रभारी रईस मलिक, जिला संगठन मंत्री सरफराज, जिला सचिव व्यापार मोर्चा मुजाहिद, जिला उपाध्यक्ष व्यापार मोर्चा हबीब, हारुन आदि उपस्थित रहे।

# वितुल सैनी कावड़ लेकर पहुंचे गांव, फिर दिखा हिंदू मुस्लिम भाईचारा, वासिफ अर्श अंसारी

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर के कोतवाली देहात। एच आर हेल्थ केयर सोसायटी के अध्यक्ष वासिफ अर्श अंसारी ने वितुल सैनी अपनी पवित्र कावड़ हरिद्वार से 61 किलो गंगा जल लेकर अपने गांव करौंदा चौधर पहुंचने पर फूल मालाओं से स्वागत किया। यह मिसाल आपसी सांप्रदायिक सौहार्द की एक और मिसाल है, जहां मुस्लिम समुदाय के लोग कावड़ियों का स्वागत करते हैं और उनकी सेवा करते है।इस स्वागत के माध्यम से, वासिफ अर्श अंसारी ने दिखाया कि वे कावड़ियों की भावनाओं का सम्मान करते हैं और उनके साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखना चाहते हैं। यह घटना इस बात का प्रमाण है कि बिजनौर जिले में हिन्दू-मुस्लिम समुदाय के बीच सौहार्द और भाईचारा अभी भी जीवित है। बिजनौर जिले में आज भी हिंदू मुस्लिम की मिसाल पेश की जाती है। वासिफ अर्श अंसारी ने कावड़ियों का स्वागत कर ये संदेश दिए हैं आज भी इंसानियत जिंदा है।हिंदू देखा ना मुसलमान देखा वासिफ अर्श अंसारी ने सिर्फ इंसान देखा।

# कल लापता बुजुर्ग की तलाश में जुटा प्रशासन



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**स्योहारा।** मंगलवार सुबह जंगल में घास लेने गए एक बुजुर्ग संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए, जिससे परिवार में कोहराम मच गया है। बुधवार को प्रशासन ने पूरी मुस्तैदी के साथ तलाश अभियान चलाया।

गांव स्थित रामगंगा नदी में बुजुर्ग की तलाश जारी है। थाना प्रभारी अमित कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर मौजूद हैं और 70 वर्षीय जयपाल सिंह पुत्र पृथ्वी सिंह, निवासी सिपाही वाला, को ढूंढ़ने के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। मौके पर धामपुर विधायक अशोक कुमार राणा ने भी पहुंचकर हालात का जायजा लिया। बाढ़ राहत दल की टीम ने बोट के माध्यम से नदी में खोज अभियान तेज कर दिया है। खबर लिखे जाने तक तलाश अभियान जारी था

# सिविल डिफेंस कोर झांसी की आकस्मिक बैठक का हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया



**झांसी।** सिविल डिफेन्स कोर, झांसी की आकस्मिक बैठक प्रभारी उप नियंत्रक/ वरि. सहायक उप नियंत्रक सुनील कुमार सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं चीफ वार्डन/कमाण्डिंग आफिसर आनन्द कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में सिविल डिफेन्स के सभागार मे आयोजित की गई जिसमें माननीय होमगार्ड एवं सिविल डिफेन्स राज्य मंत्री जी के दिनांक 25 जुलाई को झांसी आगमन पर समस्त वार्डन वालण्टियर्स के साथ ली जाने वाली बैठक एवं अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा की गई। वृहद स्तर पर आयोजित बैठक में सिविल डिफेन्स कोर कोतवाली एवं नगरा प्रभाग के समस्त फायर फाइटर्स, सेक्टर वार्डन, डिप्टी पोस्ट वार्डन, पोस्ट वार्डन, स्टाफ आफिसर, घटना नियंत्रण अधिकारी, डिप्टी डिवीजनल वार्डन,,डिवीजनल वार्डन (आरक्षित सहित), डिप्टी चीफ वार्डन, चीफ वार्डन एवं सिविल डिफेन्स के अधिकारीगण प्रतिभाग करेंगे।

बैठक में डिवीजनल वार्डन - कोतवाली प्रखण्ड विनय सिजरिया, नगरा प्रखण्ड भूपेंद्र पाल खत्री, आरक्षित अतुल अग्रवाल किलपन, डिप्टी डिवीजनल वार्डन संदीप गुप्ता, घटना नियंत्रण अधिकारी - अंकुर बंट्टा, जगमोहन लाल कश्यप, पोस्ट वार्डन्स - पियूष शर्मा, जुगल किशोर कुशवाहा, राकेश विश्वकर्मा, मुहम्म्द फैजान एवं संजय सिंह गोर उपस्थित रहे।

# अवैध हथियार व कारतूस ले जाते हुये एक व्यक्ति गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**धौलपुर राजस्थान।** पुलिस अधीक्षक जिला धौलपुर विकास सांगवान आईपीएस व मनोज शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला धौलपुर के निर्देशन तथा राजेश शर्मा आरपीएस सीओ वृत्त मनिया के निकटतम सुपरवीजन में मन थानाधिकारी रामकिशन यादव पु.नि. के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया जाकर पुलिस टीम द्वारा एक व्यक्ति को अबैध एक कट्टा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।दिनाकं 21.07.2025 को मुखविर खास से सूचना मिली कि वचपन स्कूल के पास एक युवक मोटरसाइकिल की डिग्गी में अबैध हथियार लेकर खडा है।उक्त सूचना पर थाना हाजा से टीम गठित कर उमाशंकर एएसआई मय जाब्ता को रवाना किया गया।उमाशंकर एएसआई मय जाब्ता ने मुल्जिम सूरज पुत्र देवेन्द्र जाति ब्राह्मण उम्र 24 साल निवासी विचोला रोड कस्बा राजाखेडा थाना राजाखेडा जिला धौलपुर को मय अबैध एक कट्टा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के बचपन स्कूल के पास से गिरफ्तार कर अभियोग धारा 3/25,5(1)क/25(1) क आर्मस एक्ट मे दर्ज किया जाकर मुल्जिम को वाद अनुसन्धान पेश न्यायालय किया जाकर जेल दाखिल कराया गया ।इलाका थाना में आपराधिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही जारी है।

# खेड़की गांव में हुआ सरूरपुर कलां की चौथी विशाल कावड़ का भव्य स्वागत

वेलकम इंडिया



**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। सरूरपुर कलां गांव की चौथी विशाल कावड़ का खेड़की गांव पहुँचने पर ग्रामवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। ग्रामवासियों ने कावड़ियों का फूलमाला पहनाकर अभिनन्दन किया और उनको शील्ड़ देकर पुरस्कृत किया। विशाल कावड़ में कलाकारों द्वारा भगवान शिव के भजनों पर किये जा रहे नृत्य को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। वहां पर उपस्थित लोगों ने कावड़ियों के साथ जमकर सेल्फी ली। इस अवसर पर उपस्थित ग्राम प्रधान आशीष शर्मा ने कावड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि कांवड़ लाने का बहुत धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। सावन माह में हरिद्वार व अन्य नदियों के पवित्र जल को लाकर शिवलिंग पर अभिषेक करने से धार्मिक पुण्य की प्राप्ति होती है। कावड़ लाना भगवान शिव के प्रति भक्ति और समर्पण का प्रतीक है। ऐसा करने से भगवान शिवजी प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं। इस अवसर पर द हाइवे किंग के उज्जवल शर्मा ने कहा कि कांवड़ यात्रा एक महत्वपूर्ण धार्मिक और आध्यात्मिक अनुष्ठान है, जो भक्तों को भगवान शिव के करीब लाता है और उन्हें सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। इस अवसर पर इंटरनेशनल अवार्डी, महामहिम राष्ट्रपति और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन सहित हजारों ग्रामवासी उपस्थित थे।

# भगवान शिव ही वह परम सत्य है जिसकी हम खोज कर रहे है - मनोरमा श्रोती

वेलकम इंडिया



**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। जनपद बागपत के कलक्ट्रेट स्थित शिव मन्दिर में सावन शिवरात्रि पर परमशिव भक्त, सुप्रसिद्ध समाजसेविका और हर्बल न्यूट्रिशियन योगा ट्रेनर मनोरमा श्रोती ने शिवलिंग पर जल अर्पित कर समस्त विश्व की सुख व शांति के लिए प्रार्थना की। मनोरमा श्रोती ने बताया कि सावन मास की शिवरात्रि अपना विशेष महत्व रखती है। यह शिवरात्रि भगवान शिव को प्रसन्न करने और उनकी कृपा पाने के लिए बहुत शुभ मानी जाती है।इस दिन व्रत कथा का पाठ करने से महादेव की कृपा भी बनी रहती है।मनोरमा श्रोती ने बताया कि शिवपुराण के अनुसार सावन मास में आने वाली सावन शिवरात्रि का व्रत करने से व्यक्ति की दुख और पीड़ाओं का नाश होता है, सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है और पुण्य की प्राप्ति होती है। कहा कि भगवान शिव ही वह परम सत्य है जिसकी हम खोज कर रहे है। हमें भगवान शिव के बारे में जानने के लिए धार्मिक ग्रन्थों का अध्ययन करना चाहिए और अपने बच्चों को भी अपने धर्म के बारे में बताना चाहिए। भगवान शिव की भक्ति करने से हमें भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है और हम बेहतर जीवन की ओर अग्रसर होते है।

# पच्चीस हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में घायल होकर गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**डिबाई/बुलंदशहर** जनपद की डिबाई थाना पुलिस और स्वाट टीम देहात ने मंगलवार रात मुखैना नहर के पास मुठभेड़ के दौरान पच्चीस हजार रुपये के इनामी बदमाश को घायल कर गिरफ्तार किया है। आरोपी एक मासूम बालक की हत्या में वांछित चल रहा था और काफी समय से फरार था।

पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम मुखैना नहर पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक युवक बाइक पर आता दिखा, जिसे रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वह भागने लगा। थोड़ी दूर जाकर बाइक फिसल गई। खुद को घिरा देख उसने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। गिरफ्तार बदमाश की पहचान कुलदीप पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम चिरौरी रानी कतियावली, थाना डिबाई के रूप में हुई है। मौके से एक तमंचा, कारतूस, एक बलकटी (आलाकत्ल) तथा बिना नंबर की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद हुई है। घायल बदमाश को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने जून माह में डिबाई क्षेत्र में एक बालक की हत्या की थी, जिसके संबंध में संबंधित धाराओं में थाना डिबाई पर मुकदमा दर्ज है। इस अपराध के चलते उस पर पच्चीस हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। इसके अतिरिक्त आरोपी के विरुद्ध जनपद सम्भल के एक थाने में भी संबंधित धाराओं में मामला पंजीकृत है। डिबाई थाने में अभियोग दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। इस कार्रवाई में डिबाई थाना प्रभारी रविरतन सिंह व स्वाट टीम देहात की सक्रिय भूमिका रही।

# चिकित्सा संस्थानों पर मरीजों को उपलब्ध हो बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं - डॉ. मीणा

वेलकम इंडिया



**धौलपुर राजस्थान।** आमजन को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने हेतु जिले का स्वास्थ्य महकमा मजबूती से कार्य कर रहा है। विभागीय अधिकारी भी लगातार जमीनी स्तर पर जाकर इसकी मॉनिटरिंग कर रहे है। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्म सिंह मीणा ने बुधवार को उपखंड बसेड़ी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नादनपुर तथा उप स्वास्थ्य केंद्र बरई का निरीक्षण कर स्वास्थ सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान सीएचसी बसेड़ी पर महिला पुरुष वार्ड, दवा वितरण केंद्र, प्रसव कक्ष, जांच कक्ष तथा उपलब्ध संसाधनों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने लेबर रूम में सभी आवश्यक उपकरण, स्टाफ एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओ का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गए। साथ ही सभी चिकित्सा अधिकारियों एवं स्टाफ को यूनिफॉर्म में रहने, चिकित्सा संस्थान में सभी दवाइयों की उपलब्धता, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण सेवायें देने के निर्देश दिए। इस दौरान टीबी मुक्त भारत अभियान के इंडिकेटर पर चर्चा की गई। वल्नरेबल पॉपुलेशन की स्क्रीनिंग कर उनकी निक्षय आईडी बनाने नाट टेस्ट तथा संभावित टीबी रोगियों की ज्यादा से ज्यादा चेस्ट एक्सरे करवाने हेतु निर्देश दिए। साथ ही डॉट्स का ईलाज ले रहे रोगियों के निक्षय पोषण योजना के भुगतान, निक्षय पोषण किट, टीपीटी ट्रीटमेंट ऑनलाइन कार्य पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग में प्रगति लाने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र तथा सीएचसी के निमार्णाधीन भवन का भी जायजा लिया, उन्होंने संबंधित ठेकदार को निर्माण कार्य में गुणवत्तापूर्ण सामग्री प्रयोग में लेने के साथ साथ निर्धारित मापदंड के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता नेमीचंद मित्तल भी साथ रहे।

# सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के तीन शातिर सदस्य गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**बुलन्दशहर.** पहासु पुलिस व स्वाट टीम देहात द्वारा एक अभिसुचना पर ग्राम कसूमी मोड से सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के तीन शातिर सदस्य नीरज यादव पुत्र घीसन यादव निवासी बिचऊपुर मरहा थाना कम्पीरगंज जनपद गोरखपुर (वर्तमान पता ऋ-ब्लाक मकान नं0 333/335(ख) सरीपुरा आलम नगर थाना तालकटोरा जनपद लखनऊ), सत्येश कुमार उर्फ सतीश पुत्र सत्यपाल सिंह निवासी प्रभात नगर सामने थाना गांधी पार्क धनीपुर मंडी जीटी रोड अलीगढ़, हिमांशू बौद्ध पुत्र विजय बौद्ध निवासी 539(ख)/878 छोटी जुगौली थाना गोमतीनगर लखनऊ को 06 मोबाइल फोन, फर्जी कूटरचित नियुक्ति पत्र, आई कार्ड, भर्ती विज्ञापन, सरकारी विभाग टोपी, बेल्ट आदि सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना पहासु मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तगण ने पूछताछ पर बताया कि अभियुक्त नीरज यादव उनका मुखिया है। जसे वे एसटीएफ में अधिकारी बताते हैं अभियुक्त सत्येश कुमार उर्फ सतीश बेरोजगार युवको को सरकारी नौकरी लगवाने का लालच देकर हमारे पास लेकर आता है तथा यही अपने खाते में व नगद पैसों का लेन-देन करता है फिर हम तीनों अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर उनको असल के रुप में उन युवको के पास भेज देते हैं और कई लड़कों को तो हम उस विभाग में भेज भी देते थे तथा जो भी रुपया लड़कों से मिलता है उसे हम बराबर-बराबर आपस में बांट लेते हैं। हमारा एक अन्य साथी डीआरएम आफिस रेलवे लखनऊ में ड्राइवर है, जिसे यूपीआई के माध्यम से अभियुक्त सत्येश कुमार उर्फ सतीश द्वारा उसके हिस्से के 3 लाख 50 हजार रुपये भेजे गये थे ।

# किसानों की समस्याएं जानने को भाकियू पदाधिकारियों ने किया गांवों का दौरा

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला सचिव साबिर अली और नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला ने बुधवार को क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर किसानों की समस्याओं का जायजा लिया। इस दौरान किसानों ने खाद की किल्लत और बिजली की अनियमित आपूर्ति जैसी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। लखमन नगला सहित कई गांवों में किसानों ने खेती पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभावों को लेकर चिंता जताई। भाकियू पदाधिकारियों ने प्रशासन के उच्च अधिकारियों से मिलकर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। दौरे के दौरान लखमन नगला के किसानों ने बताया कि खाद की कमी के कारण धान की रोपाई और अन्य कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसके साथ ही बिजली की अनियमित आपूर्ति ने भी उनकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। किसानों का कहना है कि धान की रोपाई के लिए पर्याप्त बिजली और खाद की सख्त जरूरत है, लेकिन दोनों की उपलब्धता न होने से खेती पर संकट मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने भाकियू नेताओं से प्रशासन तक उनकी आवाज पहुंचाने की गुहार लगाई। जिला सचिव साबिर अली और नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि वे जल्द ही जिला प्रशासन और संबंधित विभागों के अधिकारियों से मिलकर इन समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास करेंगे। उन्होंने किसानों से एकजुट रहने और संगठन के साथ मिलकर अपनी मांगों को उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मोहम्मद फारूक, जसीम, बाबू अली, शाहवेज अली, बासिद अली, आबिद अली, कलुआ, आरिफ, माजिद अली आदि मौजूद रहे।

# पत्रकारों के समस्याओं के निदान के लिए जिलाध्यक्ष नीतू सिंह से मिला पत्रकारों का प्रतिनिधि मंडल

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन संत कबीर नगर इकाई का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी के नेतृत्व में भाजपा जिलाध्यक्ष नीतू सिंह से औपचारिक मुलाकात की। जिलाध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी ने कहा कि श्रीमती नीतू सिंह से ग्रापए प्रतिनिधि मंडल ने पत्रकार साथियों को हो रही समस्याओं को लेकर औपचारिक मुलाकात की।जिसमें प्रमुख रूप से पत्रकारों की प्रमुख समस्या पत्रकारों के बैठने के लिए जनपद के तीनों तहसील मुख्यालय पर एक एक भवन के निर्माण को लेकर बीजेपी जिलाध्यक्ष नीतू सिंह से मुलाकात किया गया।औपचारिक मुलाकात बहुत ही सार्थक रहा भाजपा जिलाध्यक्ष नीतू सिंह ने पत्रकारों को उनके बैठने के लिए भवन निर्माण के लिए शासन को पत्र लिखने की बात कही। आपको बता दे कि जिलाध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी के प्रयास से शासन द्वारा धनघटा तहसील मुख्यालय पर नन्हिया नायक ग्राम में ४०० स्क्वायर फीट जमीन को चिन्हित किया जा चुका हैं। जिलाध्यक्ष नीतू सिंह ने कहा कि देश के चतुर्थ स्तंभ को जनपद के तीनों तहसील मुख्यालयों पर उचित संसाधनों की व्यवस्था हो सके जिससे कि पत्रकार बंधुओं को समाचार संकलन में किसी प्रकार की असुविधाओं का सामना ना करना पड़े इसको लेकर बहुत जल्द ही शासन को पत्र लिखकर अवगत कराया जाएगा।

इस औपचारिक मुलाकात में जिलामहामंत्री रविन्द्र दहीवाल, तहसील अध्यक्ष मेंहदावल महबूब पठान उपस्थित रहे।

# जीशान का ललियाना में पैतृक आवास

वेलकम इंडिया



**मेरठ/नोएडा।** उत्तर प्रदेश एटीएस (एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड) ने मेरठ जनपद के थाना किठौर क्षेत्र स्थित ललियाना गांव निवासी एक युवक को नोएडा से हिरासत में लिया है। युवक की पहचान जीशान पुत्र आसिफ अली चौधरी के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार, जीशान नोएडा के बहलोलपुर गांव में रह रहा था और सेक्टर-63 की एक फैक्ट्री में काम कर रहा था। सोमवार देर शाम एटीएस ने गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए उसे अपनी कस्टडी में लिया। पूछताछ जारी है, हालांकि एटीएस की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। जीशान के पिता आसिफ अली चौधरी के अनुसार उन्होंने अपने बेटे को करीब एक वर्ष पूर्व बेदखल कर दिया था।बेटे से पिछले एक साल से कोई संपर्क नहीं है। उन्होंने कहा, ₹हमें उसकी गतिविधियों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। जीशान को एटीएस द्वारा उठाए जाने की खबर के बाद ललियाना गांव में चचाओं का बाजार गर्म है।

ग्रामीणों के लिए यह चौंकाने वाली खबर रही। बताया जा रहा है कि एटीएस युवक के मोबाइल, सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल डिवाइसेज की जांच कर रही है। उसके संपर्कों और गतिविधियों को खंगाला जा रहा है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उसे किस मामले में उठाया गया है।

# विभागीय उपेक्षा का दंश झेल रहा है सेमरियावा से बढ़यामाफी रोड

**संतकबीरनगर।** सेमरियावा से बढ़यामाफी मार्ग विभागीय उपेक्षा का दंश झेल रहा है। मरम्मत व देखरेख के अभाव में सड़क गड्ढों में तब्दील हो गया है। जिसके कारण आये दिन राहगीर चोट हिल होते रहते हैं। जानकारी व मांग के बाद भी सम्बंधित जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। बीएमसीटी बस्ती- मेहदावल मार्ग पर स्थित सेमरियावा से बढ़या माफी गांव तक जाने वाली सड़क अपनी किस्मत पर आंसू बहा रही है। वर्षों पूर्व शासन द्वारा इस सड़क का निर्माण कार्य कराया गया था जिससे लोगों में आस जगी थी कि अब सफर की दुश्वारियों से निजात मिलेगी लेकिन सम्बंधित जिम्मेदारों की उदासीनता और लापरवाही के कारण सड़क दुर्दशा का शिकार हो गया है। जबकि इसी सड़क पर एक इंटर कॉलेज सहित दो विद्यालय भी संचालित हैं। गांव का यही एक मुख्य मार्ग है। निजामुद्दीन, सद्दाम हुसैन, इनामुल्लाह, अफसर यू अहमद, मुहम्मद हद्दीस, शौकत अली, यूसुफ ने प्रशासन से सड़क का निर्माण कार्य कराये जाने की मांग किये हैं।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने की पार्टी के आगामी अभियानों के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार



वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार

**हाथरस।** भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी की अध्यक्षता में आगामी अभियानों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। जिला अध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने कहा कि पार्टी के अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम आगामी समय में आ रहे हैं, जिनके लिए हमने संयोजक, सह संयोजक नियुक्त कर दिए हैं, जिससे सभी अभियानों का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हो सके आने वाले समय में पंचायत चुनाव एमएलसी स्नातक एमएलसी शिक्षक चुनाव एवं 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस का कार्यक्रम है। बैठक में त्रिस्तरीय चुनाव के लिए जिला उपाध्यक्ष प्रमोद सेंगर को जिला संयोजक घोषित किया गया। इसी क्रम में मतदाता पुनरीक्षण अभियान के लिए जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा भीकम सिंह चौहान को जिला संयोजक बनाया गया है तथा एमएलसी स्नातक के लिए सतेंद्र सिंह को जिला संयोजक तथा एमएलसी शिक्षक के लिए जितेन्द्र गुप्ता को जिला संयोजक बनाया गया है। इसके अलावा 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के कार्यक्रम के लिए किसान मोर्चा के जिला महामंत्री योगेंद्र सिंह गहलोत को जिला संयोजक बनाया गया है। बैठक में हरिशंकर राणा, हरीश सेंगर भीकम सिंह चौहान,प्रमोद सेंगर, योगेंद्र सिंह गहलोत, भोला सिंह रावत, भूपेंद्र कौशिक, तपन जोहार, सत्येंद्र सिंह, रमन माहौर, वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता कप्तान,शालिनी पाठक, प्रवीण कुमार सोनिया नारंग,चरण सिंह सागर, पवन सिकरवार सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजय सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली खलीलाबाद उ0नि0 मोतीलाल यादव, का0 रमेश यादव, का0 अरमान खान ने मु0अ0सं0 450/2025 धारा 137(2), 64(1) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट थाना कोतवाली खलीलाबाद के मामले में वांछित अभियुक्त घनश्याम यादव पुत्र राजदेव यादव निवासी भीटी रावत थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर को आज दिनाँक 23.07.2025 को कबीर चौरा, मगहर के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

विदित हो कि वादी द्वारा दिनांक 27.05.2025 को थाना कोतवाली खलीलाबाद पर वादी की नाबालिग पुत्री अभियुक्त उपरोक्त द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में सुसंगत धाराओं की बढोत्तरी कर महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 23.07.2025 को उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

# ग्राम प्रधान पति ने शिव भक्तों को किए फल वितरित



वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** विकासखंड क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली में ग्राम प्रधान पति ने शिव भक्तों को फल व अन्य सामग्री वितरित की इस दौरान कई लोग मौजूद रहे। बुधवार को नगर एवं क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया खंड विकास क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली में दर्जनों शिव भक्तों ने भगवान शिव का जल अभिषेक किया। हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर आए शिव भक्तों को ग्राम प्रधान पति उमर नवाज ने फल एवं अन्य सामग्री वितरित की। ग्रामीण रविंद्र सैनी,अनूप सैनी, शाहिद खान, सत्तार खान, सहबाज, प्रेम कश्यप, नितिन स्वामी, गोविंद, रामजीलाल, गौरव चौधरी सहित आदि ने बताया कि ग्राम प्रधान पति उमर नवाज लगातार गांव में बिना भेदभाव के विकास कार्य कर रहा है। ग्राम प्रधान पति उमर नवाज हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक बनकर गांव में पहली पसंद बना हुआ है। इस दौरान महाशिवरात्रि पर धार्मिक स्थलों के बहार साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त कराई गई एवं मंदिर परिसर में पंतप्रकाश की व्यवस्था कर लाईट लगाई गई। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।

# फैंटम बाइक से पहुंचकर क्षेत्राधिकारी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा, शिवभक्तों पर की पुष्पवर्षा

प्रिंस कुमार राणा



बुलंदशहर स्याना सावन माह के चलते क्षेत्र में चल रही कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्तों की भारी आवाजाही को देखते हुए क्षेत्राधिकारी स्याना प्रखर पांडे ने सोमवार को फैंटम बाइक से मवई से लेकर सुलेला मार्ग तक सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पूरे मार्ग पर भ्रमण करते हुए शिवभक्तों से सीधा संवाद किया और पुष्पवर्षा कर उनका उत्साहवर्धन किया क्षेत्राधिकारी ने यात्रियों से बातचीत करते हुए उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली और यात्रा के दौरान आ रही किसी भी असुविधा पर तत्काल कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने स्थानीय पुलिस बल को निर्देश देते हुए कहा कि शिवभक्तों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। किसी भी स्थिति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यात्रा मार्ग पर पुलिसकर्मियों की तैनाती, स्वास्थ्य सहायता केंद्रों की उपलब्धता और पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी नरसेना रीतेश कुमार और अस्थायी चौकी प्रभारी देवेंद्र पाल भी उनके साथ मौजूद रहे। अधिकारियों ने संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने और भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग जैसी व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। शिवभक्तों ने क्षेत्राधिकारी के इस पहल की सराहना की और कहा कि प्रशासन की सक्रियता से उन्हें सुरक्षा और सुविधा का अहसास हो रहा है। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह लगे शिविरों, जलपान केंद्रों और प्राथमिक चिकित्सा बिंदुओं का भी निरीक्षण किया गया। स्थानीय स्वयंसेवी संस्थाओं और सेवा दलों के कार्यों की भी सराहना की गई।कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

# क्षेत्राधिकारी स्याना प्रखर पांडे ने शिवभक्तों पर की पुष्प वर्षा

वेलकम इंडिया



**नरसेना :** थाना नरसेना क्षेत्र के गांव भड़काऊ में पावन धाम हरिद्वार से जल लेकर वापस आ रहे कांवड़ियों के जत्थे का क्षेत्रीयधिकारी स्याना प्रखर पांडे ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। सभी कांवड़ियों को आयोजन समिति के सदस्यों ने भोजन व जलपान कराया। लोगों ने भी कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा करके उनका हौसला बढ़ाया। कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था के थाना नरसेना पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा। गांव भड़काऊ स्थित नहर पुल पर कांवड़ियों के जत्थे के लिए ग्राम पंचायत समिति की ओर से जलपान शिविर की व्यवस्था की गई। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी स्याना प्रखर पांडे व नसेर्ना थाना प्रभारी रीतेश कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर कांवड़ियों के जत्थे पर पुष्प वर्षा की। साथ ही जलपान शिविर पर अन्य मौजूद लोगों ने भी कांवड़ियों के जत्थे पर पुष्प वर्षा कर की। इस दौरान कांवड़ियों के जत्थे को जलपान कराने में भड़काऊ ग्राम पंचायत के ग्रामीण पूरी तन्मयता से जुटे रहे। वहीं कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों को रास्ते में किसी तरह का अवरोध ना उत्पन्न हो इसके लिए थाना नरसेना प्रभारी रीतेश कुमार सिंह साथ ही भारी पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय दिखा जगह जगह पुलिस कर्मी तैनात रहे इस दौरान जिला पंचायत प्रतिनिधि राफे खान व प्रमोद कुमार क्षेत्राधिकारी स्याना प्रखर पांडे, थाना प्रभारी रीतेश कुमार सिंह हमराहियों के साथ पूरे मार्ग पर निरंतर भ्रमणशील रहे।

# हल्का लेखपाल और कानूनगो पर सांठगांठ कर प्रस्ताव रोकने का आरोप

वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** खंड विकास क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी एक व्यक्ति ने प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र भेज कर हल्का लेखपाल और कानूनगो पर नई ग्राम पंचायत न बनाने की नीयत से कुछ राजनीतिक लोगों से सांठगांठ कर प्रस्ताव को रोकने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने प्रदेश के सीएम से नई ग्राम पंचायतों के गठन कराए जाने की मांग की है।

प्रदेश सरकार ने 6 फरवरी को प्रदेश की समस्त बड़ी ग्राम पंचायत के मजरे जिनमे एक हजार से अधिक आबादी वाले ग्राम है, उनको राजस्व ग्राम बनाए जाने एवं राजस्व ग्राम को ग्राम पंचायत बनाए जाने के लिए प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों के माध्यम से ग्राम पंचायत की खुली बैठक का प्रस्ताव एवं एलएमसी की बैठक का प्रस्ताव मुख्यालय को भेजने के आदेश दिए थे। खंड विकास क्षेत्र के गांव गंगेरू में 12 जून को खुली बैठक कर प्रस्ताव एवं एलएमसी की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें 15 में से 14 सदस्यों ने प्रतिभाग किया था। बैठक में गांव गढ़ी श्याम ओर गढ़ी दौलत को अलग अलग ग्राम पंचायत का दर्जा दिए जाने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया था।

# अपने प्रशिक्षण के प्रत्येक क्षण को गंभीरता से लें, क्योंकि यही उनकी भविष्य की कार्यशैली का आधार बनेगा : डीआईजी

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**हाथरस।** पुलिस उपमहानिरीक्षक अलीगढ, परिक्षेत्र अलीगढ़, प्रभाकर चौधरी द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन, जनपद हाथरस में प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट्स के प्रशिक्षण व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा, अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर योगेन्द्र कृष्ण नारायण, प्रतिसार निरीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे। पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा सर्वप्रथम प्रशिक्षण कक्षाओं, छात्रावास, पेयजल व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया गया। रिक्रूट्स को गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ एवं सुरक्षित आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।निरीक्षणोपरांत रिजर्व पुलिस लाइन स्थित माधव प्रेक्षा गृह में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया सम्मेलन के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक ने रिक्रूट्स की व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं को सुना और उनके समाधान हेतु मौके पर ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। प्रशिक्षण के दौरान यदि किसी प्रकार की असुविधा होती है, तो उसे अधिकारियों तक निष्कपट भाव से पहुँचाया जाए, ताकि प्रशिक्षण का स्तर और बेहतर हो सके। रिक्रूट्स को बताया कि वे राष्ट्र निर्माण में एक अहम भूमिका निभाने जा रहे हैं। अतः उन्हें न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बल्कि मानसिक रूप से भी सजग, संवेदनशील एवं कर्तव्यनिष्ठ होना चाहिए। उन्होंने रिक्रूट्स को बताया कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि समाज की सेवा करने का एक माध्यम है। वे अपने प्रशिक्षण के प्रत्येक क्षण को गंभीरता से लें, क्योंकि यही उनकी भविष्य की कार्यशैली का आधार बनेगा।

# ग्रामीण का बकरा चोरी सीसीटीवी कैमरे में कैद

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी एक ग्रामीण का बाइक सवार दो चोरों ने एक बकरा चोरी कर लिया चोर बाइक पर उठा कर फरार हो गए जिनकी करतूत मकान पर लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।पीड़ित ने पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी ग्रामीण शकीर ने बताया कि उसने एक बकरा अपने शौक के लिए पाल रखा था। बुधवार की सवेरे उसका बकरा घर के बाहर बंधा हुआ था तभी आरोप है बाइक पर सवार दो युवक आए और उसके बकरे को बाइक पर उठाकर चोरी कर ले गए। घंटों बाद जब उसका बकरा नहीं मिला तो उसने पास के लगे एक कैमरे में सीसीटीवी फुटेज चेक की तो बाइक सवार दो युवक उसके बकरे को ले जाते हुए दिखाई पड़ रहे हैं। पीड़ित ग्रामीण ने दोनों चोरों के फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए अमजन से पहचान करने की अपील की है। और पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई की मांग के पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बकरा चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

# बरेली में हुई डेढ़ घंटे की झमाझम बारिश और सड़कों पर हुए जलभराव ने खोली स्मार्ट सिटी की पोल

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** बीते एक सप्ताह से चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी से बेहाल लोगों के लिए बुधवार की सुबह कुछ राहत लेकर जरूर आई। लेकिन इस राहत ने एक बार फिर स्मार्ट सिटी के दावों की पोल खोल कर रख दी। बरेली के तमाम इलाकों में सुबह करीब 10 बजे से झमाझम बारिश शुरू हो गई। करीब डेढ़ घंटे तक ये बारिश होती रही। इससे जहां लोगों को चिलचिलाती हुई धूप और उमस भरी गर्मी से राहत मिली, तो वहीं शहर के कई इलाकों में जलभराव की समस्या से दिक्कत का भी सामना करना पड़ा। शहर के अधिकांश नाले उफनाने से सड़कों पर जलभराव हो गया। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन तक बारिश की संभावना जताई है। बारिश के बाद पुराना शहर, सतीपुर, सुभाषनगर, सूफीटोला, हजियापुर, जगतपुर, एजाजनगर गौंटिया, मॉडल टाउन, बाकरगंज, किला और कटघर में जलभराव से लोग जूझते हुए नजर आए। सावन की शिवरात्रि पर बारिश के बीच कांवड़िये भीगते हुए शिवालयों तक पहुंचे। जलभराव के कारण उन्हें भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बारिश के दौरान शाहदाना उपकेंद्र के कांकरटोला, बजरिया इनायतगंज, जगतपुर उपकेंद्र के एजाज नगर गौंटिया, आकाशपुरम, सिविल लाइंस प्रथम उपकेंद्र के सिटी स्टेशन, चौपला, तृतीय के खुर्रम गौंटिया, सेटेलाइट फीडर पर बिजली कटौती से उपभोक्ता प्रभावित हुए। बीते पांच दिनों से सुबह बारिश और दिनभर धूप निकलने का सिलसिला मंगलवार को थमा। सुबह बादल छाए लेकिन उच्च वायुदाब का क्षेत्र बनने से बारिश का अनुकूल माहौल नहीं बना। दिनभर लोग उमस और गर्मी से बेहाल रहे। दोपहर में अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 34.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं, शाम को भी आसमान साफ रहा। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# बरेली में महिला को बंधक बनाकर किया दुष्कर्म, मुंबई में रह रहे पति की सूचना पर पुलिस ने कराया मुक्त

**बरेली।** आंवला थाना क्षेत्र में एक महिला को बंधक बनाकर उससे दुष्कर्म किया गया। पीड़ित महिला मूलरूप से रायबरेली जिले की रहने वाली है। उसने बंधक बनाकर रखने व दुष्कर्म किए जाने के मामले में फरीदपुर निवासी एक युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल रायबरेली जिले के एक गांव निवासी महिला ने आंवला थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि वह अपने पति के साथ मुंबई में रहती थी। पति से विवाद के बाद वह सोशल मीडिया पर वक्त बिताने लगी। इसी दौरान इंस्टाग्राम के माध्यम से फरीदपुर निवासी मोहित उसके संपर्क में आ गया। दोनों में दोस्ती हो गई। दोस्ती बढ़ने के बाद दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग हो गया। महिला का आरोप है कि मोहित उसे अपने साथ ले आया और अपने घर में बंधक बनाकर रखने लगा। इस दौरान आरोपी ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म भी किया।

# तार चोर गिरोह के दो सदस्यों को चोरी के 440 किलो तार एवं तार काटने के उपकरण, घटना में प्रयुक्त छोटा हाथी तमंचे सहित किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**



हापुड़/बाबूगढ़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर विद्युत तार चोरी करने वाले गिरोह के दो शातिर किस्म के चोरों को चोरी किए गए 4.40 कु० तार एवं तार काटने के उपकरण, घटना में प्रयुक्त छोटा हाथी एक तमंचा मय जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार करने का दावा किया है। वही इस मामले को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि दोयमी निवासी विकास त्यागी के द्वारा 19 जुलाई 2025 को थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें उसने उल्लेख किया था कि उनकी फार्म कालिका कॉन्टैक्टर सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड के द्वारा आर,डी,एस,एस योजना के तहत सब स्टेशन गोहरा के पोषक फीडर आरिफपुर पर तारों का विभक्ति करण करने का कार्य कर रही है। जिसके चलते अज्ञात चोरों के द्वारा रात्रि में 8 से 10 विद्युत खम्भे का तार अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसको लेकर पुलिस टीम मामले की जांच मे लगी थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर गोहरा और मुदाफरा गांव के बीच गन्ने के खेत में कुछ संगठित लोगों के छिपे होने की सूचना दी गई। जिस पर बाबूगढ़ पुलिस ने कार्रवाई कर घेराबंदी करके दो लोगों को गिरफ्तार किया। जिसमें गिरफ्तार बदमाश शातिर किस्म के चोर हैं। जिन पर चोरी के दो दर्जन से अधिक मुकदमे पंजीकृत है। पूछताछ में बदमाशों ने अपने नाम इस्लाम, साकिब, निवासी मुंडाली जिला मेरठ बताया है। साथ ही गिरफ्तार बदमाशों की निशान देही पर उनके कब्जे से चोरी किया गया। 440 किलो तार घटना में प्रयुक्त छोटा हाथी तार काटने के उपकरण एवं एक तमंचा में जिंदा कारतूस बरामद कर विधिक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# रामकृष्णानंद महाराज बने महामंडलेश्वर, जगह जगह हुआ भव्य स्वागत



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/बलदेव।** गंगा जगद्गुरु धाम अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष जगतगुरु आनंदेश्वर जी महाराज द्वारा जगतगुरु गोपेश्वर जी महाराज के अनुमोदन पर रामकृष्णानंद जी महाराज को महामंडलेश्वर बनाए जाने पर उनके प्रथम बार बलदेव आगमन पर स्थानीय वाशिंदों द्वारा उनका जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर आचार्य विष्णु महाराज, आचार्य मनीष गगाचार्य, आचार्य कपिल शास्त्री, जयकिशन आचार्य, चेयरमैन डॉ मुरारी लाल अग्रवाल, देवेश पांडेय, मेरुकांत पांडेय, बलराम पांडेय, जितेंद्र पांडेय, श्रीराम बौहरे, सत्यदेव बौहरे, पिंटू, ऋषि पांडेय, प्रकेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, विष्णु बाबा, श्री कृष्ण, गंगा पुजारी, बृजेश पांडेय, बलराम प्रजापति, सुजीत वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पट्टी मे फायरिग कर दो भाइयो को गोली मारने वाले पच्चीस हजार के इनामिया दो बदमाश गिरफ्तार

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



**प्रतापगढ़।** पुलिस कप्तान प्रतापगढ़ डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के तहत थाना पट्टी पुलिस ने भूमि विवाद में फायरिंग के मामले में पच्चीस-पच्चीस हजार के दो इनामी बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान शिवम पाण्डेय और विपिन पाण्डेय उर्फ विकास पाण्डेय के रूप में हुई। दोनों निवासी औराइन, थाना पट्टी, के निवासी है। रजिस्ट्री कार्यालय के बाहर गोलीबारी की घटना में 6 नामजद और कुछ अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। चांदा पट्टी रोड पर महरूफपुर गेट के पास से दोनों इनामी बदमाशो को गिरफ्तार किया गया। इससे पहले ही तीन बदमाशो को गिरफ्तार किया जा चुका है। अब तक कुल पांच बदमाश सही सलामत गिरफ्तार। घटना में प्रयुक्त 9 वाहन 2 ट्रैक्टर, 1 महिंद्रा लोडर, 1 फोर्ड इंडीवर कार, 1 फोर्स गोरखा कार, 2 बुलेट मोटरसाइकिल, 2 केटीएम मोटरसाइकिल बरामद। गिरफ्तार बदमाश हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट, मारपीट, और धमकी जैसे गंभीर अपराधों में संलिप्त। इनामी बदमाश सुशील सिंह की लाइसेंसी पिस्टल के निरस्तीकरण हेतु रिपोर्ट प्रेषित है। फरार बदमाशो की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित ।एसपी डॉ. अनिल कुमार ने कहा, ₹जनपद में अपराध और अराजकता के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कठोर कार्रवाई जारी है। कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। मुठभेड़ जरूरी थोड़ी न है गिरफ्तारियां तो जारी है। पुलिस ने नागरिकों से संदिग्ध गतिविधियों की तत्काल सूचना देने का आग्रह किया है, जिसमें उनकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।



# प्रेमपाल चौधरी बने भाकियू भानु ( पहलवान प्रकोष्ठ में आगरा मंडल अध्यक्ष

**मथुरा।** कस्बा बलदेव के निजी होटल में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन भानु पहलवान प्रकोष्ठ की बैठक प्रदेश अध्यक्ष भूरा पहलवान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नगला तेजा महावन निवासी प्रेम पाल चौधरी को सर्वसहमति से प्रदेश अध्यक्ष भूरा पहलवान ने आगरा मण्डल अध्यक्ष की जिम्मेदारी देते हुए प्रमाण पत्र सौंपा। मण्डल अध्यक्ष प्रेम पाल चौधरी ने कहा कि वह किसानों के हितों की लडाई पूरी ईमानदारी से लड़ेंगे और संगठन को भी मजबूत करेंगे। निराश्रित गौ वंश सड़कों पर हादसों की वजह बन रहे हैं। क्षेत्र में बिजली संकट बना हुआ है जिसके खिलाफ आवाज उठाकर प्रशासन को जगाया जाएगा। इस मौके पर अजय सिंह, राहुल तोमर, अनुज चौधरी, श्यामवीर, सतीश कुमार, काना पहलवान, कुलदीप पहलवान, थानवीर तोमर, अजीत, संजय तोमर, दिलीप तोमर आदि मौजूद रहे।

# वैवाहिक मामलों में दहेज प्रतिषेध 498अ के दुरुपयोग रोकने को लेकर दर्ज मुकदमे में सीधे नहीं होगी गिरफ्तार/एस सी दिल्ली

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**



हापुड़ वैवाहिक मामलों में दहेज प्रतिषेध की आईपीसी की धारा 498अ का दुरुपयोग रोकने को लेकर दिल्ली-सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला आया है। जिसमें कढउ 498अ के तहत मुकदमा दर्ज होने पर अब सीधे गिरफ्तारी नहीं होगी।सुप्रीम कोर्ट ने वैवाहिक मामलों में दुरुपयोग रोकने के लिए 498अ पर लागू किया 2 महीने की शीतलन अवधि।

गौरतलब रहे कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के दिशा-निदेशों को सुप्रीम कोर्ट ने दी मंजूरी गिरफ्तारी से पूर्व जरूरी होगी परिवार कल्याण समिति की जांच।498अ मामलों में अब होंगे ये बड़े बदलाव।ऋकफ दर्ज होते ही 2 महीने तक नहीं होगी गिरफ्तारी।मामला परिवार कल्याण समिति (ऋहउ) को भेजा जाएगा।समिति दोनों पक्षों को बुलाकर समझौते की कोशिश करेगी।रिपोर्ट के बाद ही मजिस्ट्रेट/पुलिस कार्रवाई कर सकेंगे। समिति में होंगे वकील, समाजसेवी, सेवानिवृत्त न्यायाधीश या प्रशासनिक अधिकारी की पत्नियाँ होगी। 498अ के गंभीर दुरुपयोग पर रोक लगाने से निर्दोष पीड़ित परिवारों को मिलेगी राहत। उखक बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने कहा हाईकोर्ट द्वारा तय सभी दिशा-निर्देश प्रभावी रहेंगे।और अधिकारियों द्वारा इनका पालन अनिवार्य होगा। सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश करोड़ों परिवारों को राहत देगाझ्अब 498अ को प्रताड़ना की जगह समाधान का रास्ता बनाया जाएगा।

# सावन मास की महा शिवरात्रि पर शिवालयों में रही कांवड़ियों की भीड़



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/छाता।** नगर के प्राचीन श्री चतुर्भुज मंदिर के प्रांगण में स्थित शिवालय पर कावड़ लाने वाले भक्तों की भीड़ रही। मंदिर प्रांगण में बम बम भोले के जयघोष करते हुए भोले भक्त गंगा जी से लाए जल से बाबा भोले नाथ का जलाभिषेक कर रहे थे। मंदिर सेवायत गौरव अविरल शास्त्री ने बताया सावन मास की शिवरात्रि का विशेष महत्व होता है, भोले भक्त पैदल चल के हरिद्वार से गंगाजल लाकर भोले नाथ को अर्पण करते है, बाबा सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते है, जो भी आज के दिन बाबा भोलेनाथ का बिल्वपत्र पंचामृत से अभिषेक करता है उसके सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं नगर के रत्नेश्वर महादेव, मुकंद माधव मंदिर, हनुमान बगीची, राधिकेश्वर महादेव मन्दिरों में भी शिव भक्तों की भीड़ रही।

# गोवर्धन के सौंख अड्डा पर बनेगा परशुराम चौक, प्रतिमा लगेगी

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** कस्बा के सौंख अड्डा पर परशुराम चौक बना कर भगवान परशुराम की प्रतिमा लगेगी। उक्त स्थल का नगर पंचायत द्वारा हाल ही में लाल पत्थर से सौंदर्यीकरण करा कर सुंदर स्वरूप दिया गया है।

नगर पंचायत अध्यक्षा प्रभा देवी शर्मा ने स्थानीय विद्युत अधिकारियों और अधीनस्थों के साथ सौंख अड्डा तिराहे पर बने घेरा का निरीक्षण किया और उक्त स्थल पर विद्युत उपकरणों से होने वाले अवरोध का शीघ्र समाधान निकालने के संबंध में उपखंड अधिकारी को पत्र भी सौंपा है जिससे उक्त स्थल को परशुराम चौक के रूप में विकसित कर प्रतिमा लगाई जा सके।

बुधवार सुबह नगर पंचायत अध्यक्षा प्रभा देवी शर्मा, अपने प्रतिनिधि मनीष लंबरदार, सभासद अमित गोस्वामी, संजय लवानिया के साथ स्थानीय बिजली घर पर पहुंची। यहां अधिशासी अभियंता से फोन पर संपर्क कर तिराहे पर परशुराम चौक के निर्माण ब विद्युत उपकरणों से उत्पन्न हो रहे अवरोध को हटवाने संबंधी पत्र उपखंड अधिकारी महावीर सिंह को सौंपते हुए विद्युत अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंच कर तिराहे के नजदीक लगे ट्रांसफार्मर, भूमिगत केबल और हाई मास्ट लाइट से उत्पन्न अवरोध पर चर्चा कर इसका शीघ्र समाधान निकालने की बात कही। उपखंड अधिकारी महावीर सिंह ने शीघ्र समाधान का भरोसा दिया। चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार ने बताया कि गोवर्धन के नागरिक लंबे समय से सौंख अड्डा पर भगवान परशुराम चौक बनाने व मूर्ति स्थापना की मांग करते रहे है। अभी हाल ही में परशुराम शोभायात्रा में भी ये मांग स्थानीय विप्रो द्वारा उठाई गई। जिस पर क्षेत्रीय विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह व उनके द्वारा नियमानुसार कार्य कराए जाने का आश्वासन भी दिया गया। ये कार्य नगर पंचायत की बोर्ड बैठक द्वारा भी प्रस्तावित है। हाल ही में नगर पंचायत ने जिलाधिकारी मथुरा में निर्देश पर गुरु पूर्णिमा मेला से पूर्व उक्त तिराहे का लाल पत्थर से सौंदर्यीकरण भी कराया है। जल्द ही कुछ अवरोधों के समाप्त होते ही वहां परशुराम चौक व प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

# शिवभक्त गुर्जर सम्राट मिहिर कुल हूण की जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि देकर उनके आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**



हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/सिंभावली क्षेत्र के गांव सलारपुर में बुधवार को शिवभक्त गुर्जर सम्राट मिहिर कुल हूण की स्मृति में रामकुमार आर्य के यहां सभा का आयोजन कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बताए रास्ते पर चलने के साथ समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का लिया संकल्प। आयोजित सभा की अध्यक्षता सूबेदार शिवाजीत सिंह ने और संचालन सूबेदार विक्रम सिंह ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने सम्राट के अतीत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पांचवीं शताब्दी में शिवभक्त सम्राट मिहिर कुल हूण का राज था। उन्होंने बताया कि सम्राट मिहिर कुल हूण की जयंती सावन मास में शिवरात्रि के दिन मनाई जाती है। इस दिन को सभी उत्सव के रूप में मनाएं।और गरीब निराश्रितों की हरसंभव मदद भी करें। भाकियू अराजनैतिक जिलाध्यक्ष पवन हूण गुर्जर ने कहा कि समाज की एकजुटता के साथ ही शिक्षित होकर राष्ट्र की हरसंभव सेवा करने का सिलसिला जारी रखना होगा। शिवभक्त सम्राट मिहिरकुल हूण ने 1000 गाँव ब्राह्मणों को दान में दिए थे। कश्मीर में मिहिरेश्वर तथा बड़ौली, राजस्थान सहित सैकड़ों शिव मंदिर बनवाए। इतिहासकार के बी पाठक के अनुसार मिहिरकुल ही कल्कि अवतार हैं। इनकी जयंती पर कैप्टन महिपाल सिंह, मुखिया धर्मवीर, मा० सुखबीर सिंह, मा०ब्रह्मपाल, श्यामवीर सिंह, मा० लीले सिंह, विजेंद्र अधाना, सत्यवीर सिंह, रूपराम, योगेंद्र, अनिल हूण, तपेश प्रधान, मा० रोहताश, कपिल हूण, सूबे सिंह, यशपाल, जागन, बृजपाल, दुष्यंत, मा० दिनेश कुमार, रकम सिंह प्रधान महीपाल, अजयपाल, अंकित, सोभाराम, ईश्वर, गौरव, विजय, अमन सिंह, कुलदीप, राजबीर, मामचंद, सोमवार, तथा इस दौरान दत्तियाना, शुक्लमपुरा, औरंगाबाद, अट्टा, मुदाफरा, मुक्तेश्वरा, नवल, गोहरा, माधापुर डेहरिया, मंडैया, सलारपुर आदि समेत बीस गांवों के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# मस्जिद में सपा की बैठक पर भड़के बरेलवी मौलाना, कहा- इमाम मोहिबुल्लाह नदवी ने किया पाप, कौम से मांगें माफी

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** नई दिल्ली में संसद मार्ग स्थित मस्जिद में सपा नेताओं की बैठक होने पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि खुदा की इबादत करने की जगह मस्जिद है, ना कि सियायत के लिए। मस्जिद का इस्लाम में महत्वपूर्ण स्थान है। मुसलमान पांच वक्त की नमाज मस्जिद में ही पढ़ने के लिए जाता है। जब वह मस्जिद पहुंचता है तो दुनियादारी को छोड़कर खुदा की इबादत में मसरूफ (व्यस्त) हो जाता है। फिर वहां पर उसको दुनिया की राजनीतिक बातों का कोई महत्व नहीं रह जाता और न ही उसको इसका अधिकार इस्लाम ने दिया है। मौलाना ने मीडिया को एक तस्वीर दिखाते हुए कहा कि नई दिल्ली में संसद मार्ग स्थित मस्जिद के इमाम रामपुर के सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी हैं। तस्वीर में मौलाना नदवी मस्जिद के बीचोंबीच सहन में बैठे हुए हैं। वह समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों संग बैठक कर रहे हैं। तस्वीर में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, आजमगढ़ से संसद धर्मेंद्र यादव, संभल के संसद जियाउर्रहमान बर्क और दो महिलाएं भी बैठी देखी जा सकती हैं। मस्जिद में सपा की बैठक करना निहायत ही खतरनाक बात है। ये मस्जिद की पाकीजगी (पवित्रता) और गरिमा के खिलाफ है। मस्जिद में राजनीतिक बातें, राजनीतिक दलों की बैठकें और राजनीतिक भाषण मुस्लिम कौम बर्दाश्त नहीं कर सकती। शहाबुद्दीन रजवी ने आगे कहा कि मोहिबुल्लाह नदवी ने समाजवादी पार्टी के नेताओं के साथ मस्जिद में बैठक कर बहुत बड़ा पाप किया है। शरीयत की नजर में ये मुजरिम हैं। मौलाना ने मस्जिद कमेटी से अपील करते हुए कहा कि मोहिबुल्लाह नदवी को मस्जिद कि इमामत से हटाया जाए।

# एनसीसी कैडेट्स व भोले भक्तों ने नगर पालिका परिषद के साथ मिलकर किया पौधारोपण

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** कांवड़ यात्रा के पावन अवसर पर नगर पालिका परिषद, एनसीसी कैडेट्स एवं भोले भक्तों द्वारा संयुक्त रूप से एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विनोद वैशाली जी ने की, जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी को अधिकाधिक पौधे लगाने हेतु प्रेरित किया। 35 यूपी वाहिनी एनसीसी, डॉ. के.एन. मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज, मोदीनगर के कैडेट्स ने एनसीसी अधिकारी प्रवीण जैनर एवं लेफ्टिनेंट राजीव कुमार के नेतृत्व में यातायात नियंत्रण और कांवड़ियों की सहायता के साथ-साथ पर्यावरण संवर्धन हेतु पौधारोपण किया। इस अभियान में पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली जी के साथ-साथ नगर पालिका सभासद गण आदित्य चौधरी, अंकुर चौधरी, ललित मित्तल, एवं पूर्व कार्यालय अधीक्षक कुंज बिहारी वशिष्ठ भी उपस्थित रहे। सभी ने कैडेट्स व भोले भक्तों के साथ मिलकर विभिन्न स्थानों पर पौधे रोपे। एनसीसी अधिकारी प्रवीण जैनर ने जानकारी दी कि लगभग 65 एनसीसी कैडेट्स इस दौरान शहर के विभिन्न चौराहों और कटों पर स्वैच्छिक सेवा प्रदान कर रहे हैं। कैडेट्स द्वारा यातायात नियंत्रण, कांवड़ियों की सुरक्षा एवं प्रशासनिक सहायता में निभाई गई सक्रिय भूमिका की समाज एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा खुले मन से सराहना की गई। पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली एवं कॉलेज के एनसीसी अधिकारी प्रवीण जैनर ने कैडेट्स को पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सुधार एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम में डी.पी. शर्मा, संजय शर्मा, राजेश कुमार सहित एनसीसी कैडेट्स कार्तिक, लक्ष्य, वंश, प्रिंस, दीपांशु, राहुल, शिवा, मोहित, आयुष्मान, अंकित, समीर मालिक, संदीप, यस बैसोया, ध्रुव चौधरी, साजिद आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।



# जल लेकर आए बच्चों का ग्राम बांदीपुर में किया स्वागत



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** ग्राम बांदीपुर के 8 व 12 साल के भोले ग्राम सौदा नहर से जल लेकर ग्राम बांदीपुर के शिव मंदिर में डाक कावड़ ले जाकर जल चढ़ाया। यह भोले की डाक कावड़ दूसरे साल की है। जिसमें डीजे ट्रैक्टर बाइक व डीजे की थाप पर शिव भोले के गीतों से गंग नहर पटरी शिव में हो गई। सौदा से जल भरकर डाक कावड़ियों ने ग्राम बांदीपुर के शिव मंदिर पर जल चढ़ाएं। छोटे-छोटे बच्चों को जल लेकर देखने वालों का तांता लग गया। ग्राम सौदा के वासियों ने छोटे-छोटे बच्चों का स्वागत किय। इन बच्चों का सहयोग करने वाले भारतीय किसान यूनियन किसान सभा अराजनीतिक के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमरीश त्यागी, संगठन मंत्री हरिओम त्यागी, पवन त्यागी, यतेश्वर त्यागी, आदित्य त्यागी, मुकेश त्यागी कॉफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# डीएम ने गर्भवती महिलाओं की एचआरपी जांच व दवाओं की ली जानकारी

असदुल्लाह सिद्दीकी

**शोहरतगढ़ /सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने बुधवार को शोहरतगढ़ विकास क्षेत्र के ग्राम संतोरा के आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंचे जहां आयोजित बीएचएनडी दिवस का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं की एचआरपी जांच व दवाओं की जानकारी ली। उपस्थित एएनएम से स्ट्रिप व एनसीपी कार्ड दिखाने के लिए भी कहा। आशा आंगनबाड़ी कार्यकत्री व एएनएम को घर- घर जाकर लोगों को टीकाकरण से एक दिन पहले सूचित करने का निर्देश दिया। डीएम ने कुपोषित बच्चों को दिए जाने वाले पोषाहार वितरण का पंजिका से मिलान किया। आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित बीएचएनडी दिवस पर उपस्थित गर्भवती महिलाओं की गोदभराई करने के साथ ही बच्चों का अन्नप्राशन कर पोषाहार वितरण किया। डीएम ने कहा कि किसी भी तरह की लापरवाही की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। साथ ही साफ- सफाई, स्वच्छता व टीकाकरण के लिए लोगों को जागरूक करें। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि शिवनाथ, अजय चौधरी आदि मौजूद रहें।

# शिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ा श्रद्धा व भक्ति का सैलाब, जलाभिषेक व पूजार्चना कर मांगी मन्नतें

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद ( अनिल वशिष्ठ)।** सावन के पवित्र माह की शिवरात्रि पर बुधवार को मोदीनगर व मुरादनगर के सभी शिवालयों में श्रद्धा व भक्ति का सैलाब उमड़ा। सुबह से ही हो रही बारिश के बाद भी शिवभक्त कांवड़ियों ने भारी तादाद में हरिद्वार, ऋषिकेश, नीलकंठ व गोमुख आदि पवित्र तीर्थ स्थलों से गंगाजल लाकर यहां अपने आराध्य देव भगवान आशुतोष का जलाभिषेक कर अपनी तपस्या (कांवड़ यात्रा) को विराम दिया। बम बम बोल तथा शंकर भगवान के उद्घोष से शिवालय गूंज उठे। यहां श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर, सेठजी का मंदिर, पौराणिक छतरी वाले शिव मंदिर, श्री



सनातन हरि मंदिर, वाड़ा मंदिर सहित नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में शिवभक्तों ने जलाभिषेक व पूजार्चना कर सुख, शांति, सम्पन्नता, आरोगता व सर्व कल्याण की मन्नतें मांगी। पौराणिक छतरी वाले शिव मंदिर कमेटी के महेश तायल एवं अन्य सदस्य शिव भक्त कांवड़ियों की सेवा में लग रहे।मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए महिला व पुरूष पुलिस कर्मी मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी को अंजाम देते देखे गए। त्रिदिवसीय मेला सम्पन्न- उधर मुरादनगर थाना के अन्तर्गत ग्राम सुराना में हिंडन नदी तट पर स्थित प्राचीन सिद्धपीठ घुमेश्वर महादेव मंदिर में हजारों की संख्या में कांवड़ियों व अन्य शिवभक्तों ने श्रद्धापूर्वक जलाभिषेक किया। प्रतिवर्ष लगने वाला त्रिदिवसीय धार्मिक मेला आज सम्पन्न हुआ। मेले के दौरान आयोजित दगंल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले पहलवानों तथा सबसे पहले पहुंचने वाले शिवभक्त कांवड़ियों को मंदिर समिति द्वारा प्रशस्त्रि पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# धर्मांतरण के मामले में स्कूल प्रबंधक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

असदुल्लाह सिद्दीकी

**इटवा/सिद्धार्थनगर।** धार्मिक शिक्षा और सामजिक सौहार्द के लिए विख्यात अल्फारुक इन्टर कालेज अमौना के प्रबंधक मौलाना शब्बीर अहमद को पुलिस ने धर्मांतरण के आरोप मे बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे 15 दिन की रिमांड पर भेज दिया गया।

इटवा थाने के शाहपुर निवासी अखंड प्रताप सिंह ने स्कूल प्रबंधक पर रुपये का लालच देने सहित इस्लाम धर्म ग्रहण करने का दबाव देने का आरोप लगाया था। शाहपुर निवासी अखंड प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री समेत अन्य अधिकारियों को पत्र भेज कर कार्रवाई की मांग की थी। इसमें आरोप में लगाया था कि वर्ष 2020-21 में अलफारूक इंटर कॉलेज अमौना में लिपिक के खाली पद पर नियुक्ति हेतु वहां के प्रबंधक मौलाना शब्बीर अहमद से मिला। उन्होंने 15 हजार रुपये प्रतिमाह देने व 10:00 से चार बजे तक आने की बात बताते हुए दूसरे दिन से आने के लिए कहा। दूसरे दिन जाने पर उन्होंने सौ रुपये के स्टांप पर हस्ताक्षर कराते हुए इस्लाम धर्म ग्रहण करने की सलाह दी। उन्होंने विदेश में बैठे एक व्यक्ति से बात कराई।, जिसने मुझे इस्लाम धर्म ग्रहण करने पर 20 लाख रुपये देने का ऑफर दिया।

# एस.एस.बी ने भारतीय मुद्रा के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा




असदुल्लाह सिद्दीकी

**ककरहवा/सिद्धार्थनगर।** भारत नेपाल सीमा पर सुरक्षा में तैनात एसएसबी 43वीं वाहिनी की सीमा चौकी ककरहवा के जवानों ने भारत से नेपाल ले जाए जा रहे 4.05 लाख भारतीय रुपयों के साथ बुधवार को हरियाणा के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। बरामद रुपयों सहित पकड़े गए आरोपित को एसएसबी ने ककरहवा कस्टम के सुपुर्द कर दिया है। दिल्ली से काठमांडो जा रही बस की जांच एसएसबी जवानों द्वारा ककरहवा बॉर्डर पर की जा रही थी। इस दौरान एक व्यक्ति के बैग से कपड़े में लपेट कर रखे भारतीय रुपये बरामद हुए। पूछताछ में व्यक्ति ने रुपये से संबंधित सही जानकारी नहीं दी। रुपये की जांच करने पर कुल 4.05 लाख रुपये बरामद हुए। उसकी पहचान हरियाणा के रोहतक जिला के कलानौर थाना क्षेत्र के बन्यानी गांव निवासी कृष्ण कुमार के रूप में हुई है। बरामद रुपये सहित आरोपित को एसएसबी ने अग्रिम कार्रवाई के लिए ककरहवा कस्टम के सुपुर्द कर दिया है।

# विश्व सनातन हिंदू वाहिनी द्वारा विशाल भंडारे व मेडिकल कैंप का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ)।** विश्व सनातन हिंदू वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष राज वर्मा व जिला गाजियाबाद अध्यक्ष सागर कुमार के नेतृत्व में सावन के पावन पर्व पर भगवान भोलेनाथ के भक्तों व कांवड़ियों की सेवा के उद्देश्य से विशाल भंडारे व मेडिकल कैंप का संजय पुरी सौन्दा रोड पर शिव मन्दिर के सामने शुभारंभ किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में कांवड़ियों ने प्रसाद ग्रहण किया तथा कांवड़ियों को दवाईयां वितरित की गई तथा सभी कांवड़ियों का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर विश्व सनातन हिंदू वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष राज वर्मा ने बताया कि विश्व सनातन हिंदू वाहिनी संगठन उत्तर प्रदेश में हिन्दुओं व हिन्दुत्व के लिए दिन रात बहुत ही मजबूती व निष्ठा के साथ हिंदुओं पर होने वाले



अत्याचारों के खिलाफ दिन रात कार्य कर रहा है तथा उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरे देश में जहां कहीं भी हिंदुओं के खिलाफ हिंसा होती है तो विश्व सनातन हिंदू वाहिनी के कार्यकर्ता उन देश विरोधी तत्वों के फन को कुचलने का काम करते हैं। विश्व हिंदू सनातन वाहिनी के जिला अध्यक्ष सागर कुमार एवं उनकी जिला व नगर टीम ने सभी कावडियो का कैंप में स्वागत किया और प्रसाद व दवाइयां वितरित की गई। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन का भी पूर्ण सहयोग रहा। इस अवसर पर विश्व सनातन हिंदू वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष राज वर्मा, वीरांगना बहन श्रीमती कविता चौधरी, जिला अध्यक्ष सागर कुमार, प्रदेश अधिवक्ता अरुण चौधरी व नरेश ठेकेदार, दीपक,मिंदर, आजाद, विनोद, सोनू आदि अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुरा परशुरामेश्वर महादेव मंदिर पर चौथे दिन भंडारा किया



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद ( अनिल वशिष्ठ)।** शिवरात्रि पर पुरा परशुरामेश्वर महादेव मंदिर दिनेश कुमार गोयल द्वारा चौथे दिन भी रुद्राभिषेक करने के बाद भंडारा किया। दिनेश कुमार गोयल सदस्य विधान परिषद द्वारा पुरा परशुरामेश्वर महादेव जनपद बागपत में भोले बाबा के आशीर्वाद से अपने पूर्वजों द्वारा 43 वर्षों से निरंतर चलाए जा रहे। उन्होंने आज शिवरात्रि के दिन रुद्राभिषेक कर भोग लगाकर चौथे दिन भंडारा पुरा परशुरामेश्वर महादेव मंदिर बागपत पर आर के जी धर्मशाला में किया गया। दिनेश कुमार गोयल द्वारा कहा गया कि भगवान भोलेनाथ पर रुद्राभिषेक कर बाबा का आशीर्वाद लिया।

# खेत में खाद डालने गए किसान की लाश गड्ढे में मिली

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली।** सिरौली थाना क्षेत्र के गांव शिवपुरी में मंगलवार सुबह एक किसान का शव खेत के पास पानी भरे गड्ढे में पड़ा मिला। मृतक की पहचान 50 वर्षीय हरस्वरूप प्रजापति उर्फ गप्पे के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हरस्वरूप सोमवार सुबह करीब 10 बजे अपनी भाभी और बेटे विजय के साथ खेत में खाद डालने गए थे। खाद पहुंचाने के बाद भाभी और बेटा लौट आए, लेकिन गप्पे वहीं रुक गए। देर शाम तक उनके घर न लौटने पर परिजन खेत पहुंचे तो वहां खाद की बोरियां और चप्पलें पड़ी मिलीं, लेकिन



गप्पे का कुछ अता पता नहीं चला। रात 9 बजे तक तलाश के बाद भी सुराग नहीं मिलने पर परिजनों ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने बाबा कैलाशगिरी मणि मार्ग के किनारे एक पानी भरे गड्ढे में एक शव देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक जगत सिंह पुलिस फोर्स और फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के बाद शव को पानी से बाहर निकाला गया। शव की हालत देखकर स्पष्ट हुआ कि शरीर पर कोई गहरी चोट नहीं थी, हालांकि चेहरे पर हल्की खरोंचें थीं, जो संभवतः किसी जंगली जानवर के कारण हुई होंगी। प्रभारी निरीक्षक जगत सिंह ने बताया है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के असली कारण का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। हरस्वरूप की मौत की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# स्वर्णकार समाज ने 108 वी कांवड़ लाने पर सम्मानित किया

वेलकम इंडिया

मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ)। स्वर्णकार समाज ने 108 वी कांवड़ लाने पर केसरपाल वर्मा का किया भव्य स्वागत किया गया।मोहित सोनी ने बताया कि मोदीनगर के बुदाना गाँव के वैध केसरपाल वर्मा (82 वर्ष) ने 108 वी कांवड़(लोंध में दो बार) लाकर रिकॉर्ड बनाकर स्वर्णकार समाज ही नहीं बल्कि पूरे मोदीनगर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि वह सन- 1971 से एक वर्ष में दो बार हर की पौड़ी (हरिद्वार) से निरंतर कांवड़ ला रहे है। उनके मोदीनगर आगमन पर नगर पालिका मोदीनगर के चेयरमैन विनोद वैशाली ने प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। साथ ही स्वर्णकार




समाज के सभी गणमान्य लोगों ने उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं देकर उनके हौसले को सलाम किया। इस अवसर पर संगठन से ब्रजमोहन वर्मा, मोहित सोनी, विष्णु वर्मा, मोंटी वर्मा, रिंकू वर्मा, ओमपाल वर्मा, वरुण वर्मा, महेश तायल, नवीन जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# श्रावण शिवरात्रि पर दूधेश्वरधाम में लाखों शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में श्रावण शिवरात्रि के पावन अवसर पर बुधवार को भक्ति, श्रद्धा और आस्था की अनूठी मिसाल पेश की गई। देशभर से आए लाखों शिवभक्तों और कांवडियों ने मंदिर प्रांगण में भगवान दूधेश्वरनाथ का जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया। भीषण बारिश और भीड़ के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था अडिग रही और गाजियाबाद पूरी तरह दूधेश्वरमय हो उठा। रात 12 बजे से ही जलाभिषेक का सिलसिला आरंभ हो गया था। महंत श्री नारायण गिरि महाराज ने सर्वप्रथम विधिवत पूजन और जलाभिषेक किया। इस दौरान मंदिर में विराजमान समस्त देवी-देवताओं, नवग्रहों, सिद्धगुरु मूर्तियों और गौमाता की पूजा भी सम्पन्न हुई। हरिद्वार, ऋषिकेश, नीलकंठ और गंगोत्री से लाए पवित्र गंगाजल से शिवभक्तों ने भगवान दूधेश्वरनाथ का अभिषेक किया। कांवडि ?ों और श्रद्धालुओं की कतारें शहर की मुख्य सड़कों तक फैल गई थीं, लेकिन प्रशासन और मंदिर समिति की व्यवस्थाओं के चलते किसी को कोई परेशानी नहीं हुई। मंदिर के 500 से अधिक स्वयंसेवक सेवा में जुटे रहे। इस बार की श्रावण शिवरात्रि को और भी विशेष बनाते हुए सर्वार्थ सिद्धि योग, गजकेसरी योग, नवपंचम योग और बुधवारी शिवरात्रि का शुभ संयोग बना, जिससे भक्तों को अतिश्रेष्ठ पुण्य फल की प्राप्ति हुई। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि श्रावण शिवरात्रि पर दूधेश्वरनाथ की कृपा से समस्त दुखों का नाश होता है और जीवन सुख-समृद्धि से भर जाता है। इस पावन अवसर पर शहर विधायक संजीव शर्मा, पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर, पूर्व महापौर आशा शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, प्रशांत चौधरी, विजय मोहन, लालचंद शर्मा, बलप्रीत सिंह सहित कई गणमान्य नागरिकों व संतों ने मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना व जलाभिषेक किया। मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गर्ग ने अतिथियों का स्वागत किया। महाराजश्री और मंदिर समिति द्वारा श्रावण शिवरात्रि के ऐतिहासिक आयोजन में सहयोग देने वाले पत्रकारों का विशेष रूप से स्वागत किया गया। उन्हें माला, पटका व प्रसाद देकर सम्मानित किया गया। श्रावण शिवरात्रि 2025 का आयोजन न केवल भक्तों के लिए एक आध्यात्मिक अनुभव बना, बल्कि गाजियाबाद के धार्मिक इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित हो गया।

# नगर निगम कर्मचारी सुनील कुमार नागर हॉस्पिटल डॉक्टर सुमित को प्रस्तुति पत्र देकर सम्मानित किया गया



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** युग परिवर्तन सेवा समिति कावड़ शिविर का समापन खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती भावना अगरिया जी द्वारा किया गया व समिति के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता को व नगर निगम कर्मचारी सुनील कुमार नागर हॉस्पिटल डॉक्टर सुमित को प्रस्तुति पत्र देकर सम्मानित किया गया मेरठ रोड स्थित पिलर नंबर 534 कावड शिविर मे सम्मानित किया गया प्रीतम शर्मा को हरिद्वार से जल लेकर आए युग परिवर्तन सेवा समिति को भी दिया उनको भी शिवर में सम्मानित किया गया इस मौके पर समिति के अध्यक्ष श्री सुनील त्यागी वरिष्ठ उपाध्यक्ष मांगेराम त्यागी जी कोषाध्यक्ष प्रदीप चौधरी जी महामंत्री छोटेलाल कनौजिया योगेश शर्मा सतीश पांचाल फतेहचंद शर्मा सुरेश श्रीवास्तव अनूप सिंह करतार सिंह कृष्ण गोपाल प्रमोद चौहान जितेंद्र शर्मा सोनू शर्मा योगेंद्र त्यागी कुवर पाल नरेश भंडारी प्रमोद चोहान दीपक शर्मा अमित सिंह पंकज शुक्ला अशोक गोयल अजय कुमार सत्यवान हजारी सोनी म्यूजिकल गुप आदि शामिल रहे

# शादी और शोहरत का झांसा, फिर यौन शोषण का आरोप

वेलकम इंडिया

**फिल्मी करियर से विश्वासघात तक, अभिनेत्री ने शालीमार गार्डन थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट**

**गाजियाबाद।** शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है, जहां हरियाणवी फिल्म उद्योग से जुड़े निमार्ता और अभिनेता उत्तर कुमार पर एक उभरती हुई अभिनेत्री ने दुष्कर्म और यौन उत्पीड ? का गंभीर आरोप लगाया है। युवती का कहना है कि आरोपी ने शादी और फिल्मों में सफलता का लालच देकर वर्षों तक उसका शोषण किया, लेकिन अंततः उसने न तो शादी की और न ही फिल्मों में मुख्य भूमिका दी, जैसा वादा किया गया था। गौतमबुद्धनगर निवासी 25 वर्षीय पीड़िता हरियाणवी फिल्मों और गानों में अभिनय करती रही हैं। उन्होंने बताया कि अगस्त 2020 में उनकी मुलाकात उत्तर कुमार से हुई, जो हरियाणा फिल्म इंडस्ट्री में एक जाना-पहचाना चेहरा हैं। एक एलबम की शूटिंग के दौरान दोनों के बीच संपर्क बना और बातचीत बढ़ती गई। अभिनेत्री का आरोप है कि उत्तर कुमार ने उन्हें भरोसे में लेते हुए करियर में तरक्की और चमकदार भविष्य का सपना दिखाया। शिकायत के मुताबिक, उत्तर कुमार ने उन्हें डीएलएफ कॉलोनी, शालीमार गार्डन स्थित एक घर और अमरोहा स्थित फार्म हाउस पर बुलाया।

वहीं पर उनके साथ शराब पिलाकर छेड़छाड़ की गई और विरोध करने पर उन्हें यह कहकर बहलाया गया कि वह फिल्म इंडस्ट्री में आगे बढ़ाना चाहता है। बाद में शादी का वादा करते हुए आरोपी ने शारीरिक संबंध बनाए और लीड रोल देने की बात की, लेकिन बाद में उन्हें साइड रोल देकर किनारे कर दिया गया।

# कांवड़ यात्रा के अवसर पर विशाल भंडारे का सफल आयोजन किया

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** न्यूज इंडिया वन की पहल से महाशिवरात्रि और कांवड़ यात्रा के अवसर पर विशाल भंडारे का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन 20 जुलाई से 22 जुलाई तक चला और इसमें शासन, प्रशासन, और गाजियाबाद के मान्यवर नेतागण ने भाग लिया।

इस अवसर पर कावड़ियों का स्वागत किया गया और उन्हें प्रसाद वितरित किया गया। तीन दिनों तक चले इस भव्य आयोजन में कावड़ियों की सेवा की गई और उनकी जरूरतों का ध्यान रखा गया। बिग स्माइल फाउंडेशन की टीम स्वागत किया गया। सीएमओ अनुराग चड्ढा जी की इस पहल की सराहना करते हुए, यह कहा जा सकता है कि यह आयोजन न केवल कावड़ियों की सेवा के लिए था, बल्कि यह समुदाय की एकता और सद्भावना का भी प्रतीक था। न्यूज इंडिया वन की टीम को इस सराहनीय कार्य के लिए बहुत बहुत बधाई !

# महाशिवरात्रि पर हर हर महादेव के नारों से गूंज उठा कौशांबी



वेलकम इंडिया

**गाजियाबादः (सुमित सोरेन)** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कौशांबी हर हर महादेव और बोल बम के जयकारो से गूँज उठा। श्री केसरी नंदन सेवा समिति द्वारा प्राचीन सनातन धर्म मन्दिर में पंचामृत से शिवलिंग का अभिषेक किया गया जिसमे समिति सदस्यों कमल ओबेरॉय, शिव भरद्वाज, वरुण शर्मा, अशोक परवाल, दीपक अग्रवाल, उमाशंकर शर्मा,मंजु शर्मा, डॉ आचार्या कृति शर्मा,सुनीता परवाल,किरण ओबेरॉय,शिवानी अग्रवाल के साथ साथ बड़ी संख्या में कौशांबी निवासियों ने भाग लिया। इस अवसर पर श्री केसरी नंदन सेवा समिति और समाजसेवी दीपक गुप्ता,अजय सक्सेना, अमित गुप्ता की तरफ से संयुक्त रूप से सभी भक्तों के लिए गंगाजल और फलाहार प्रसाद की व्ययवस्था की गयी। कौशांबी निवासियों ने इस प्रयास की बेहद सराहना की और आयोजक समिति और समाज के बंधुओ को इसके लिए कोटि कोटि धन्यवाद दिया। समिति सदस्य और प्रसिद्ध समाजसेवी वरुण शर्मा ने बताया की शिवरात्रि पर हर साल पूरा शिवमय वातावरण बना रहता हैं और श्रद्धालु शिवलिंग पर जल अर्पित करते हैं। उन्होंने बताया की हर साल कौशांबी क्षेत्र की जनता बड़ी संख्या में मन्दिर में अभिषेक के लिए आती हैं इस अवसर पर समाज की और से लक्ष्मीकांत चान्ना, विजय अग्रवाल, रवि पटेल,सुनील गाँधी, नरेश कोहली, सतीश गुप्ता,सतीश बबूटा,राजेन्द्र सोनी ,नन्द खुराना, हृदयेश अग्रवाल,विपिन जैन, मंजु यादव, खुशबू गुप्ता, मोनिका गुप्ता,रवि गुप्ता,मंजु गुप्ता,रुचि बाली, गिरीश बाली,सुरेंदर सोमबली, क्षितिज ओबेरॉय, सरोज, कामिनी भदौरिया,नितिन, राजेश सैनी, विवेक गुप्ता, इश बाली,इश नारंग, सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र की जनता उपस्थित रही

# ऑटो-बाइक टक्कर से मचा हड़कंप, महिला गंभीर घायल, चालक मौके से फरार

**गाजियाबाद।** अंकुर विहार थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार को खन्ना नगर रोड पर एक दर्दनाक हादसे ने आमजन को दहशत में डाल दिया। ऑटो और बाइक की जोरदार भिड़ंत में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें सवार महिला रेशमा गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि अन्य सवारियों को मामूली चोटें आई हैं। हादसे के तुरंत बाद बाइक सवार चालक मौके से फरार हो गया। घटनास्थल पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोगों ने तुरंत घायलों को बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। रेशमा की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें दिल्ली के जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र की खुशहाल पार्क कॉलोनी निवासी रेशमा अपने परिजनों के साथ मंगलवार को ऑटो से लोनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जा रही थीं।

# सावन में बारिश की फुहार के बीच हुआ भगवान आशुतोष का रूद्राभिषेक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी के श्री शिव बालाजी धाम मंदिर में श्रावण मास की शिवरात्रि के अवसर पर शिवभक्तों का जमावड़ा लगा रहा। बम-बम भोले और हर हर महादेव के उद्घोषों से शिवालय गूंजता रहा। सुबह से हो रही बारिश में भी भक्त शिवभक्ति में लीन नजर आए। कोई छाता लेकर तो कोई भीगता हुआ ही शिवालय पहुंचा और अपने आराध्य भगवान शिव का अभिषेक किया। मन्दिर के पुजारी पंडित राजीव मिश्रा ने बताया कि मन्दिर के बाहर ही पूजन सामग्री मिलने का प्रबन्ध किया गया था जिससे भक्तों को आसानी रही। शिवभक्तों में उत्साह देखने को मिला। भगवान शिव का दूध, दही, बेल पत्र, भांग, धतूरा, शहद, इत्र से अभिषेक किया गया। सभी भक्तों को इस अवसर पर खीर और ठंडी का प्रसाद वितिरत किया गया। इस मौके पर सुशीला बिग, बी दयाल अग्रवाल, सुमन अग्रवाल निर्देश गोयल, नीरू गर्ग,अनुजा बंसल,गौरव बंसल ,अरविंद सिंघल,प्रभात गर्ग सहित सैकड़ो शिव भक्त मौजूद रहे।

# दिल्ली के नाबालिग छात्र को चाकुओं से गोदकर जंगल में फेंका, शव मिलने से मचा हड़कंप

**गाजियाबाद।** ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र से मंगलवार को ऐसी दर्दनाक वारदात सामने आई जिसने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया। दिल्ली के एक नाबालिग छात्र की चाकुओं से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी गई और उसका खून से लथपथ शव इलायचीपुर के जंगल में फेंक दिया गया। वारदात के बाद कांवड़ यात्रा जैसे संवेदनशील समय में सुरक्षा की पोल खुलती नजर आई, वहीं जंगल में युवक का शव मिलने से दहशत का माहौल फैल गया। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान रिहान पुत्र समीर, उम्र 17 वर्ष, मूल रूप से बुढ़ाना मुजफ्फरनगर निवासी के रूप में हुई है, जो कई वर्षों से अपने माता-पिता के साथ दिल्ली के खजूरी इलाके की श्रीराम कॉलोनी में रह रहा था।

# जलभराव वाले 56 हॉटस्पॉट पर 65 से अधिक पंप सेट लगाए, त्वरित निकासी से मिली राहत

**गाजियाबाद।** सावन की मूसलाधार बारिश के बीच जहां बुधवार को शहर के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति बनी, वहीं गाजियाबाद नगर निगम ने अपनी सक्रियता और चुस्ती से हालात को नियंत्रण में रखा। जलनिकासी को लेकर नगर निगम की टीमें सुबह से ही अलर्ट मोड पर रहीं। जलकल विभाग और स्वास्थ्य विभाग ने मिलकर ऐसे स्थलों पर तेजी से काम किया जो वर्षों से जलभराव के हॉटस्पॉट रहे हैं।

# श्रमिक पिता के शव को 05 बेटियों ने दिया कंधा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** भीम 23 जुलाई आमतौर पर शहर एवं आर्थिक सामाजिक रूप से समृद्ध परिवारों के पिता के निधन पर बेटियों द्वारा अपने पिता को कंधा देने की खबर देखने में आती है। परन्तु आज हम जिस खबर से आपको रूबरू करवा रहे है। यह खबर ना तो किसी शहरी परिवार की और ना ही किसी आर्थिक और सामाजिक रूप से समृद्ध परिवार की है। यह घटना एक सामान्य किसान एवं श्रमिक परिवार के छोटे से गाँव की है। उपखण्ड के समीपस्थ समेलिया निवासी 37 वर्षीय डाऊ राम रेगर की कुछ दिन बीमार रहकर ही बुधवार सुबह मृत्यु हो गयी। मृतक डाऊ राम के 5 बेटिया है। गाँव में जैसे ही 5 बेटियों के पिता की मृत्यु की खबर फैली। मानो चारो और सन्नाटा सा छा गया। ग्रामीणों की आंखे डाऊ राम के निधन की खबर से तो नम थी ही। परन्तु मृतक की 5 बेटियों का रूद्र क्रंदन हर किसी की रूंह कपाने वाला था। गाँव में मातम सा छा गया। बात जब किसान श्रमिक डाऊ राम के वारिस के तौर पर पिता को कंधा देने की आई तो शिक्षाविद एवं पूर्व प्रधानाचार्य मोहन लाल उदेनिया ने मृतक की बेटियों को अपने पिता के शव को कंधा देने की प्रेरणा दी। जिस पर मृतक डाऊ राम रेगर की पांचो बेटियों ने पिता के शव को कंधा देकर अंतिम संस्कार किया। जानकारी के अनुसार मृतक डाऊ राम के पांच बेटिया रेखा 19 पायल 17 विद्या 16 प्रतिज्ञा 9 एवं कृष्णा 6 वर्ष है। पिता के पास थोड़ी सी जमीन थी। जिस पर कृषि पशुपालन एवं दिहाड़ी मजदूरी कर अपना और अपनी बेटियों का पालन पोषण कर रहे थे। अब इन पांच बेटियों के सिर से पिता का साया उठने के बाद बेटियों की शिक्षा दीक्षा आदि की समस्या आ खडी हुई है। पांच बेटियों के पिता डाऊ के निधन के समाचार अपने आप में दुखद थे। डाऊ राम के अन्तिम संस्कार के बाद समाज की महासभा के पूर्व अध्यक्ष मोहन लाल उदेनिया की प्रेरणा से समाजजनों के द्वारा 35 हजार रुपए संगृहीत कर पीड़ित परिवार को नकद सहायता प्रदान की गयी।

# एडीसीपी मुख्यालय ने अधिकारियों को दिए सुधार और संवेदनशीलता के निर्देश




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कमिश्नरेट गाजियाबाद में बुधवार को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) कल्पना सक्सेना ने रिजर्व पुलिस लाइन में आरटीसी (रिक्रूट ट्रेनिंग कोर्स) प्राप्त कर रहे पुरुष रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण और उनकी दैनिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अपने निरीक्षण के दौरान एडीसीपी कल्पना सक्सेना ने प्रशिक्षण व्यवस्था, भोजन, आवास, पेयजल, चिकित्सा, प्रशिक्षण सामग्री और अनुशासनात्मक ढांचे का गहन अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि आरक्षियों की बुनियादी ट्रेनिंग ही आगे उनकी कार्यशैली की नींव होती है। इसलिए प्रशिक्षण केवल शारीरिक और मानसिक मजबूती तक सीमित नहीं, बल्कि अनुशासन और मूलभूत सुविधाओं की संतुलित उपलब्धता भी उतनी ही जरूरी है।

# गाजियाबाद विजयनगर पुलिस की शव की पहचान के लिए जनता से अपील

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद ।** गाजियाबाद के थाना विजयनगर अंतर्गत जल निगम पुलिस को आयुष नामक एक व्यक्ति बेहोशी की अवस्था में रेलवे लाइन काशीराम आवास योजना के पास मिला था जिसे जी टीवी अस्पताल में भर्ती कराया गया था उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई यदि किसी व्यक्ति को इसके बारे में कोई जानकारी हो तो सूचित करने की कृपा करे ।